Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

दीपावली की शुभकामनाएं
दीपावली की शुभकामनाएं

वर्ष: 6 अंक: 289 | सोमवार, 20 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आयोध्या ने दीपोत्सव पर दो विश्व कीर्तिमान गढ़े

# रामनगरी में 26 लाख दीये और 2100 वेदाचार्यों की सरयू आरती



**अयोध्या।**

अयोध्या में 26.11 लाख दीयों और सरयू आरती के दो विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले भव्य दीपोत्सव के अवसर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलने के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने सपा पर अयोध्या को वर्षों तक अंधेरे में रखने और राम मंदिर आंदोलन के दौरान कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के 2024 के अभिषेक में अनुपस्थित रहने पर तीखा राजनीतिक कटाक्ष किया। भगवान राम के घर वापस अयोध्या पहुंचने के उपलक्ष्य में, इस बार दिवाली पर पूरी अयोध्या रोशनी से जगमगा उठी। इस भव्य दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम एक नहीं, बल्कि दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26 लाख 11 हजार दीये जलाए गए। ड्रोन से दीयों की गिनती करने के बाद, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से स्वप्निल दंगारीकर और कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने इस नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह अयोध्या का लगातार नौवां विश्व रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अद्भुत और अविस्मरणीय पल के साक्षी बने। दीपोत्सव मनाने शहर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर का उपयोग समाजवादी पार्टी पर निशाना साधने के लिए किया।

### सरयू पर आरती का रिकॉर्ड

दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। योगी सरकार ने यह अनोखा रिकॉर्ड दूसरी बार हासिल किया है।

## || सार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में बदलेगा माओवादी प्रभावित क्षेत्रों का हाल



**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ का माओवादी हिंसा प्रभावित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अब शिक्षा और विकास की नई सुबह का साक्षी बन रहा है। यहां के 10 आदिवासी युवाओं ने स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी) और छत्तीसगढ़ पुलिस कांस्टेबल जैसी कठिन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस सफलता में आइटीबीपी की 27वीं बटालियन के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जवानों ने इन युवाओं को अपने कैंप में दो वर्षों तक करियर काउंसलिंग, शारीरिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया। इसका सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पांच युवाओं ने एसएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर पैरा मिलिट्री फोर्स में कांस्टेबल की नौकरी प्राप्त की है, जबकि अन्य पांच युवाओं ने छत्तीसगढ़ पुलिस में सिपाही बनने में सफलता हासिल की है। इनमें दो युवतियां भी शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को दशार्ती हैं। आइटीबीपी के छत्तीसगढ़ में कमांडिंग आफिसर विवेक कुमार पांडेय ने कहा कि जब विश्वास, विकास और सुरक्षा एक साथ आगे बढ़ते हैं तो बंदूक की जगह कलम और भय की जगह उम्मीद का जन्म होता है।

**शिक्षा और विकास के लिए होगा काम**

### कैरिबियन में नशे की अर्ध-पनडुब्बी नष्ट फेंटेनाइल तस्करी पर कड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के बीच कतर और तुर्की की मध्यस्थता से तत्काल युद्धविराम हुआ है, जिसका उद्देश्य सीमा पार तनाव को कम करना है। दोहा वार्ता में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भावी वाताओं तथा एक तंत्र विकसित करने पर सहमति बनी, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने कैरिबियन सागर में सक्रिय एक संदिग्ध अर्ध-पनडुब्बी को नष्ट कर दिया है, जो नशे की भारी डोज लेकर अमेरिकी तट की ओर बढ़ रही थी।

## 'गर्व से कहो यह स्वदेशी है', पीएम मोदी ने दीवाली पर देशवासियों से की खास अपील

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगो से स्वदेशी उत्पाद खरीदकर और 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत का जश्न मनाकर त्योहार मनाने का अनुरोध किया। मोदी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया- 'आइए इस त्योहारी मौसम को 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का जश्न मनाकर मनाएं।' पीएम ने कहा- 'आइए, हम भारतीय उत्पाद खरीदें और कहें- गर्व से कहो यह स्वदेशी है।' मोदी ने कहा कि आपने जो भी खरीदा है, उसे इंटरनेट मीडिया पर भी साझा करें। इस तरह आप दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।



### रतलाम में पकड़ी गई नशीली दवा अल्प्राजोलम बनाने की अवैध लैब, दो गिरफ्तार




**नई दिल्ली।**

एनसीबी ने मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के सेजावता गांव में एक अवैध लैब का भंडाफोड़ किया है, जहां अल्प्राजोलम का निर्माण किया जा रहा था। एनसीबी ने लैब से 13.762 किलोग्राम अल्प्राजोलम पाउडर भी जब्त किया है। अल्प्राजोलम आमतौर पर डिप्रेशन के मरीजों को डाक्टर के पर्चे पर दी जाती है। इसका उपयोग स्मैक जैसी नशीली दवाओं में मिलावट के लिए भी किया जाता है। एनसीबी की टीम ने लैब को सील कर दिया है और आरोपित रूप सिंह चौहान तथा अभिजीत सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर एनसीबी उन्हें इंदौर ले गई। एनसीबी के जोनल निदेशक रीतेश रंजन ने बताया कि आरोपितों ने सैनेटाइजर बनाने वाली कंपनी का हवाला देते हुए किराए के अनुबंध में जानकारी दी थी। आरोपितों के पास एक केमिकल लाइसेंस भी था, जो 2023 में समाप्त हो चुका था।

### कतर और तुर्की की मध्यस्थता के बाद

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच युद्धविराम



**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष के बीच कतर और तुर्की की मध्यस्थता से तत्काल युद्धविराम हुआ है, जिसका उद्देश्य सीमा पार तनाव को कम करना है। दोहा वार्ता में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भावी वाताओं तथा एक तंत्र विकसित करने पर सहमति बनी, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले एक सप्ताह से जारी संघर्ष को लेकर बातचीत दोहा में हुई, जिसके बाद दोनों देशों ने तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई है। यह जानकारी कतर के विदेश मंत्रालय ने रविवार को दी। बता दें कि इस झड़प में अब तक कई दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। कतर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र विकसित करने तथा आने वाले दिनों में फॉलोअप वार्ता जारी रखने पर सहमति जताई है। ये वाताएं कतर और तुर्किये की मध्यस्थता में हुईं, जिनमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री खुद उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पाकिस्तान इस बातचीत में सीमा पार आतंकवाद को तुरंत रोकने और बॉर्डर क्षेत्रों में अमन बहाली के मुद्दे को प्रमुख एजेंडे के रूप में उठा रहा था। दोनों देशों ने दावा किया कि वे एक-दूसरे की आक्रामक कार्रवाई का जवाब दे रहे हैं, जबकि अफगानिस्तान बार-बार इन आरोपों से इनकार करता रहा है कि उसकी जमीन से आतंकी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। मौजूदा जानकारी के अनुसार, 48 घंटे का जो अस्थायी युद्धविराम शुक्रवार को समाप्त हुआ था, उसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने अफगान सीमा पार पूर्वी पक्टिका प्रांत में हवाई हमले किए। पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले के जवाब में की गई और इसमें हफीज गुल बहादुर गुट के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**48**
घंटे का जो अस्थायी युद्धविराम शुक्रवार को समाप्त हुआ था

## खेलों में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा- सिर्फ मैदान नहीं, जीत की मानसिकता का कमाल

**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का दबदबा, छोटी आबादी के बावजूद 27 आईसीसी ट्रॉफियां, उसकी आक्रामक जीत की मानसिकता और मजबूत घरेलू संरचना जैसे शेफील्ड शील्ड का परिणाम है। यह लेख भारत के भावनात्मक बनाम ऑस्ट्रेलिया के पेशेवर दृष्टिकोण का विश्लेषण करता है, जहाँ भारत ने कुल मैच ज्यादा जीते पर आईसीसी ट्रॉफियों में ऑस्ट्रेलिया 8 खिताब से आगे है और



फाइनल में उसे कभी नहीं हरा पाया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का नजरीया खेल को लेकर हमेशा से सीधा लेकिन बेहद आक्रामक रहा है। मैदान पर इस अंदाज में खेलो कि हार विकल्प ही न लगे। दिलचस्प यह है कि आबादी भारत के एक मेट्रो शहर से भी कम होते हुए भी ऑस्ट्रेलिया दुनिया की सबसे सफल क्रिकेट तरीका बन चुका है। भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है, जहां तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह सिर्फ सीरीज नहीं, बल्कि दो बिल्कुल अलग खेल-संस्कृतियों की टक्कर है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक 1100 से अधिक जीत दर्ज करने वाली दुनिया की अकेली टीम है।

## प्राचीन काल में भारतीयों ने संस्कृति का प्रचार प्रसार किया, किसी पर आक्रमण नहीं किया: भागवत

**नई दिल्ली।**

भागवत ने कहा, कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमें लेकिन उन्होंने कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। यह बात उन्होंने यहां ह्यआर्य युग विषय कोश की शुरूआत के अवसर पर कही। भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया और आखिरी बार आक्रमण करने वालों ने भारतीयों के मस्तिष्क को लूटा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने किसी का धर्मांतरण नहीं किया और न ही आक्रमण किया। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। भागवत ने कहा, कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है।



## संपादक की कलम से

# पर्व की अस्मिता


ललित शर्मा
संपादक

उल्लास–उमंग के साथ राष्ट्र की आर्थिकी को नई ऊर्जा देने वाला त्योहार दीपावली सही मायने में सादगी व उजाले का त्योहार है। महानगरीय जीवन की एकरसता व तनाव से मुक्ति दिलाने वाली पर्व शृंखला के जहां आध्यात्मिक–धार्मिक मायने हैं, वहीं ये पर्व हमें नई ऊर्जा से भर देते हैं। हमारे रिश्तों को नई ऊष्मा देते हैं। एक मायने में लक्ष्मी हर छोटे–बड़े काम–धंधे से लेकर उद्योगों में इस पर्व के दौरान आती है। समृद्धि की रोशनी श्रम और सकारात्मक जीवन व्यवहार से आती है। लेकिन हाल के वर्षों में हमारी जीवन शैली और कार्य संस्कृति में व्यापक बदलाव आए हैं। जीवन व्यवहार में कृत्रिमता और दिखावे की संस्कृति का बोलबाला हुआ, जिसकी गहरी छाया हमारे पर्व–त्योहारों पर भी नजर आई है। भारत पर्व–त्योहारों का देश हैं, जिनके गहरे निहितार्थ हैं। ये पर्व–त्योहार हमारे ऋतु चक्र से जुड़े हैं, जिसका आधार हमारी किसानी संस्कृति है। वर्षा ऋतु से जीवन में आई नीरसता व इसके प्रतिकूल प्रभावों से मुक्ति की राह दिखाती है पर्व शृंखला। लेकिन हमें सही मायने में पर्व का मर्म समझना चाहिए। सादगी, सात्विकता और इसके आध्यात्मिक पक्ष के गहरे निहितार्थों की हमें अनदेखी नहीं करनी चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में यह त्योहार दिखावे व धन के भौंडे प्रदर्शन का सबब बनता जा रहा है। इस पर्व का असली मकसद यही है कि गरीबी की देहरी पर भी उजाला हो। प्रकाश का ही नहीं, समृद्धि का भी। उसमें समाज की बड़ी भागेदारी जरूरी है। यह विडंबना ही है कि हाल के वर्षों में इस पर्व के मर्म के विपरीत कृत्रिमता, दिखावा, परंपरा के सतही विकल्प और औपचारिकताओं ने गहरी पैठ बना ली है। बाजार इतना हावी है कि वह दिवाली की पूजा आपको ऑनलाइन उपलब्ध करा सकता था। दीया–बाती, फूलों की सजावट, मूर्तियों, सरसों के तेल, पटाखों से लेकर तमाम त्योहार में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के हमने नये–नये कृत्रिम विकल्प तलाश लिये हैं। विडंबना देखिए कि देवी–देवताओं की मूर्तियों से लेकर बिजली की झालरें तक चीन से आने लगी। लगाते रहें आप स्वदेशी का नारा, लोगों को फर्क नहीं पड़ता कि दोनों देशों में व्यापार संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। पहले घरों में तरह–तरह के पकवान बनते थे ताकि परिवार व मित्रों को पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक मिठाई मिल सके। जबरदस्ती लक्ष्मी को घर बुलाने वाले लोगों की मिठाई की दुकानों में मिलावट व गुणवत्ता से समझौते करने की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई की खबरें आ रही हैं। शहरी जीवन में दुधारू पशु बहुत कम दिखते हैं लेकिन दूध–पनीर–मावा जितना चाहे ले लो। मिठाइयों में कृत्रिम रंगों व चीनी की भरमार है, जिसके चलते भारत को मधुमेह की राजधानी कहा जाने लगा है। उजाले व मेल–मिलाप के इस त्योहार पर गिफ्ट संस्कृति की गहरी छाया नजर आती है। त्योहार नहीं लोगों के विभिन्न संकीर्ण लक्ष्य इसके जरिये साधे जाते हैं। प्रभावशाली अधिकारियों, मंत्रियों व नौकरशाहों को साधने का यह अचूक मंत्र बना हुआ है। वे भूल जाते हैं कि ये कुर्सी को सलाम है, पर्व का मर्म नहीं। रिश्ते नाते भी अब तो गिफ्ट के बोझ तले दबे नजर आते हैं।

## उदय किशोर साह



### दीपावली

अज्ञानतम निशा की कर दो विदाई
ज्ञान की दीपक सब ने आज जलाई
दूर कर दो अमावश की काली वो रात
जो मानव को सिखाये बरवादी की बात

आओ सब मिलकर ड्योढ़ी पे दीप जलायें
समाज में फैली ईष्या द्वेष को जड़ से भगायें
बांधव प्रेम की नव गीत सब आज गुनगुनायें
राक्षसी प्रवृति से जन जन को आज बचायें


मिट्टी से बनी यह दीप कितना पावन है निराला
हर मानव के अन्दर मन का कर रहा उजियाला
अंधकार ने जग को बहुत है वर्षों से रूलाया
प्रकाश हेतु इन्सानों ने दीप घर घर है जलाया

भेद भाव शत्रुता का अब हमें कर देना है किनारा
अबंर पे उगा देगें सब मिल कर ज्ञान का सितारा
मानवता का होगा अब अवनि अंबर तक उजाला
दहशतगर्दी का जग में निकलेगा अब दिवाला

दीप से दीप मिल कर घर घर में जलाना है भाई
संनातन ने यह ज्ञान युग युग से है जग को सिखाई
वसुधैव कुटुम्बकम का है ये मन रही यहाँ दिवाली
खुशियों की भर भर हर घर घर टोकरी है सब लाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# शुभ दीपावली

## दीपों की पवित्र आभा से आलोकित वैश्विक दीपावली उत्सव


संजीव ठाकुर

यह सर्वविदित है कि भारत त्योहारों और पर्वों की भूमि है – एक ऐसा देश, जहाँ ऋतुएँ बदलती हैं तो उनके साथ लोक-जीवन में उल्लास की नई धारा प्रवाहित हो उठती है। भारत का प्रत्येक उत्सव केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि संस्कृति, श्रद्धा, कृतज्ञता और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सर्वोच्च और सर्वप्रिय है। आज दीपावली की ज्योति केवल भारत के आँगन में ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में प्रज्वलित होती है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, चीन, जापान जैसे देशों में बसे भारतीय समुदाय इसे पूरे श्रद्धा, स्नेह और संस्कारों के साथ मनाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तो व्हाइट हाउस के द्वार दीपावली पर्व के लिए विशेष रूप से जनता हेतु खोल दिए और यह कहा कि – ह्लव्हाइट हाउस जनता का ही है, और दीपावली का यह उत्सव सबके लिए है।ह्व ग्रेट ब्रिटेन में भी यह पर्व भारत की ही भाँति उल्लास, दीपमालाओं और पारंपरिक सज्जा के साथ मनाया जाता है।कार्तिक अमावस्या की रात को जब अनगिनत दीप अपने छोटे-से अस्तित्व से अंधकार को चुनौती देते हैं, तब वह अमावस्या मानो शरद पूर्णिमा में रूपांतरित हो जाती है। यह दीपोत्सव केवल ज्योति का नहीं, आत्मा के आलोक का पर्व है। पौराणिक परंपरा के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात सीता एवं लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटकर रावण पर विजय प्राप्त की थी। उनके स्वागत में सम्पूर्ण अयोध्या नगरी घी के दीपों से आलोकित हो उठी। इस विजयोत्सव के रूप में तब से यह पर्व अनवरत रूप से मनाया जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार, समुद्र-मंथन के समय इसी दिवस पर देवी लक्ष्मी का प्रादुर्भाव हुआ था; अतः इस दिन लक्ष्मी पूजन का अत्यंत शुभ महत्व है।

दीपावली की रात जनमानस प्रतीक रूप में आशा और स्वागत की प्रतीक्षा में द्वार खुले रखते हैं, दीप जलाते हैं – मानो कह रहे हों, ह्लहे सौभाग्य, हे प्रकाश, हमारे घर में पधारो।ह्व व्यापारी समुदाय के लिए यह पर्व नववर्ष का आरंभ भी है। वे इस दिन अपने पुराने बही-खाते समाप्त कर नवीन लेखे आरंभ करते हैं – यह नवता, स्वच्छता और शुभारंभ का प्रतीक है।

वर्तमान संदर्भ में दीपावली का महत्व और भी व्यापक हो जाता है। यह दिन आर्य समाज के प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस के रूप में भी स्मरण किया जाता है। इसी प्रकार जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण भी इसी पावन तिथि को हुआ था। अतः आर्य समाज तथा जैन समुदाय के लिए यह दिन श्रद्धा, साधना और प्रकाश का विशेष पर्व है। दीपावली केवल घरों की सजावट का त्यौहार नहीं यह शरीर, मन और आत्मा की स्वच्छता का पर्व है। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई के साथ-साथ अंतःकरण के विकारों को भी धोने का प्रयास करते हैं। दीपों की लौ केवल दीवारों को नहीं, अंतरतम के अंधकार को भी आलोकित करती है। इसी उजास से उत्पन्न होती है सच्ची सम्पन्नता भौतिक नहीं, आध्यात्मिक। बाजारों की रौनक, मिठाइयों की मिठास और स्वणाभूषणों की चमक से भी परे, दीपावली का वास्तविक अर्थ है आशा, करुणा और ज्ञान का प्रसार।

### दीप-पर्व

एक दीप देश के विकास के लिए जला, एक राष्ट्र–प्रेम की मिठास के लिए जला।
आस पास सन्धि के कयास के लिए जला, शेष अन्धकार में उजास के लिए जला।।

गाँव–गाँव की गली–गली प्रकाशमान हो, खील सी खिले कली छली न विद्यमान हो।
सूर्य सा प्रकाश दीप–दीप में समान हो, दीप–पर्व दीप्त हो अनन्त कीर्तिमान हो।।

लिंग–वर्ग–जाति भेद दूर हों समाज के, झोपड़ी गरीब की प्रसाद देवराज के।
शंख से विरोध भाव हो न मीत सीप का, दीप पर्व है मिले सनेह दीप–दीप का।।

एक दीप मौसमी बहार के लिए जला, एक दुष्ट–भ्रष्ट के सुधार के लिए जला।
एक संस्कार के प्रसार के लिए जला, शेष दुर्निवार अन्धकार के लिए जला।।

रात है अमावसी समित्र चाँद ध्यान में, कालिमा कलंक सी निरभ्र आसमान में।
तारिका समूह शक्ति क्षीण है वितान में, अन्धकार का विराट राज है जहान में।।

बावरी अमा भरी विभावरी सँवार तू, एक क्या हजार सूर्य भूमि ला उतार तू।
ज्ञान के प्रकाश को विनम्र हो पुकार तू, और ज़िन्दगी खुली किताब सी निहार तू।।

एक दीप देश में फकीर के लिए जला, एक दिव्य–भव्य से अमीर के लिए जला।
आँधियाँ न सर चढ़ें समीर के लिए जला, शेष द्वेष दम्भ काम कीर के लिए जला।।

आ रहा अधैर्य आज सिन्धु के स्वभाव में, सूखने लगे सुकुण्ड नीर के अभाव में।
मूल्यवान नीतियाँ अनीति के वचाव में, पाप और पुण्य पक्ष पश्चिमी प्रभाव में।।

रोशनी सनी वसुन्धरा तरंगिणी बने, दीपिका निशीथ की नवीन बोधिनी बने।
दीप हो सुहाग और लौ सुहागिनी बने।
राग की सुहागिनी सजीव रागिनी बने।।

ज्ञान का प्रतीक दीप प्राण का प्रमाण हो, आन बान का सबिम्ब मान का निशान हो।
मातृभूमि के लिए जले भले किसान हो, वृद्ध हो कि बाल दीप देश का जवान हो।।

लालिमा ललाम फेंक कालिमा निकाल दे, निर्मला सुबुद्धि दीपज्योति सी उजाल दे।
हाथ में निशानियों भरी हुई मशाल दे, प्यार की खुशी बढ़े सुप्रेम की मिसाल दे।।

एक दीप देश के ललाट के लिए जला, एक दिव्य वामनी विराट के लिए जला।
एक विश्व की अनूप हाट के लिए जला, शेष अन्धकार बीच बाट के लिए जला।।


गरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण

### दीपावली : विजय का उत्सव

घरों–घर में देहली–दीपकों की लगी है कतार।
नए पटाखे की ध्वनि से गूँज रहा सारा संसार।।
खुशियों की सौगात लेकर आई है दिवाली।
पर्व की तैयारी करो, चहुँओर है उजियाली।।

सूर्य है दानवीर, प्रकाश और ऊर्जा का दाता।
युति में भू पर पड़ती नहीं चंद्रमा की आभा।।
जनता में अपार हर्ष है, देख रहे हैं राह तुम्हारी।
रामराज लाने के लिए आएँगे विष्णु अवतारी।।

श्रीराम ने सीता को रावण के कैद से छुड़ाया।
वनवास काटकर अयोध्या को वापस आया।।
घी के दीप से आरती उतार कर अभिनंदन करेंगे।
पतित पावन राघव के चरण कमल की वंदन करेंगे।।

अंधकार की ओर नहीं, प्रकाश की ओर जाना है।
बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाना है।।
अज्ञान पर ज्ञान, असत्य पर सत्य की जीत हो।
निराशा पर आशा, जनों में एकता और प्रीत हो।।


अशोक कुमार यादव मुंगेली

### दीवाली से पहले का वनवास

कभी अँधेरा ज्यादा गहराने लगे,
तो मत समझना कि सूरज सो गया है।
हर दीये के जलने से पहले,
थोड़ा सा तेल क्यों खो गया है।

जब भी लगे कि अब थक गए हो,
जरा अपने सपनों को याद करो।
जो रात सबसे अंधेरी लगती है,
वही सुबह का वादा करती है।

राम को भी चौदह बरस लगे थे,
दीवाली के दीप जलाने में,
तो तुम क्यों डरते हो कुछ साल
अपने सपनों के पीछे जाने में?

हर गिरना, बस उठने की तैयारी है,
हर हार, जीत की जिम्मेदारी है।
जिंदगी कभी आसान नहीं होती,
पर खूबसूरत, हाँ, वही होती है।

जो साथ चले – वो सच्चा होता है,
जो अंधेरे में भी रोशनी ढूँढे –
वो अपना होता है।
सीता की तरह विश्वास रखो,
लक्ष्मण–सा साहस रखो,
राम–सा धैर्य रखो –
फिर हर वनवास भी तुम्हारा उत्सव बनेगा।

क्योंकि दीवाली तभी तो चमकती है,
जब दिल ने अँधेरों को हराया हो,
और रौशनी ने कहना सीखा हो –
ह्लमैं डर के बाद भी आया हूँ।


डॉ. प्रियंका सौरभ

# रावण वध कर जब भगवान राम अयोध्या लौटे तब मनी थी पहली दीपावली !


डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

वेलकम इंडिया

भगवान राम जो तीनों लोकों के स्वामी है उनका घर अयोध्या है या फिर परमधाम, भगवान का घर लौकिक है या अलौकिक !राम चूंकि हम सबके आराध्य है और हमारे देव तथा मयार्दा पुरुषोत्तम है, इसलिए उनका घर सामान्य मनुष्यों की तरह केवल अयोध्या नही हो सकता, वे निश्चित ही परमधाम में वास करते है।अलबत्ता उनका विग्रह अयोध्या के मंदिर में प्रतिष्ठित है।हम यह भी कह सकते है कि राम गए ही कहां थे, जो फिर से आए है।यदि भगवान राम कही गए होते तो रामलला के रूप में उनकी हर समय उपस्थिती न हुई होती।हम यह भी समझना होगा कि भगवान राम को लाने की सामर्थ्य हम मनुष्यों की नही हो सकती।वे तो स्वयं ही कृपा करते है और स्वयं की उपस्थिति का एहसास कराते है।सन 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने विवादित भूमि की बाबत फैसला सुनाते हुए मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। साथ ही कोर्ट ने सरकार को मस्जिद निर्माण के लिए अयोध्या में एक बड़ा भूखंड आवंटित करने का भी आदेश भी दिया था।जिससे स्पष्ट है कि अयोध्या में मंदिर और मस्जिद दोनो को सम्मान मिला, यही न्याय का तकाजा भी था। 'राम' एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से मन मे शांति, सुख, सन्तुष्टि का बोध होता है।ऐसा किसी अन्य शब्द में नही है।क्योंकि राम केवल दशरथनन्दन श्रीराम ही नही है अपितु 'राम' उस परमात्मा का नाम भी है, जिनकी साधना स्वयं रामचंद्र जी भी करते है।यानि राम परमसत्ता है तो एक आदर्श का प्रतिरूप भी है।तभी तो 'राम' हर किसी के रोम रोम में बसा है।वह भी आज से ही नही, बल्कि युगों युगों से।सबुरी राममय हुई तो 'राम', सबुरी के हो गए और सबुरी के झूठे बेर तक खा लिए। आज सबुरी जैसी आस्था तो कम ही देखने को मिलती है। 'राम' का मंदिर बन गया है, यह उत्साह हर उस व्यक्ति में है जिसके घट में 'राम' है। राम मंदिर मुद्दा कानून की चौखट से होते हुए कानून की ही बदौलत निर्माण के लक्ष्य तक आ गया है।राम मंदिर जितना बड़ा और भव्य बना है, उतना ही राम के भक्तो में हर्ष की अनुभूति हो रही है।बशर्ते इसे राजनीतिक रंग देने से बचाया जा सके।आवश्यक यह है कि हम राम को आत्मसात करे।राम मयार्दा पुरुषोत्तम है तो हम भी राम का आदर्श स्थापित करे।राम के उच्च चरित्र को दशार्ती 'रामायण' हिंदू धर्म की एक प्रमुख आध्यात्मिक धरोहर है परंतु 'रामायण' को बार बार पढ़ने के बावजूद भी उसमें लिखे आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा नहीं हो पा रही है। हम राम के नाम रूप पर तो बहस करते रहते हैं लेकिन राम को अपनाने की कभी कौशिश नही करते। दशरथ नन्दन की कथा में, रावण का वध करने के बाद लंका से अयोध्या लौटते समय राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान पुष्पक विमान से अयोध्या के पास नंदीग्राम नामक स्थान पर उतरे थे, जहां पर राम की खड़ाऊं रखकर राजा भरत अपना राजपाट चलाते थे। नंदीग्राम में एक दिन रुकने के बाद वे दूसरे दिन अयोध्या पहुंचे थे।जबकि रावण वध यदि दशमी के दिन हुआ था तो उसके दूसरे दिन सीता को अग्नि परीक्षा से गुजरने के बाद अर्थात उन्हें अग्निदेव से वापस मांगने के बाद श्रीराम अयोध्या लौटे थे।यानि वे एकादशी के दिन अयोध?या की ओर चले थे और रास्ते में वह निषादराज गुह केवट के यहां रुके भी थे। श्रीराम का नंदीग्राम में भव्य स्वागत किया गया था। उस दौरान अयोध्या के सभी आठों मंत्री और राजा दशरथ की तीनों रानियां हाथियों पर सवार होकर नंदीग्राम पहुंचे थे। उनके साथ अयोध्या के आम नागरिक भी नंदीग्रम पहुंचे थे। वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड सर्ग 127 के अनुसार अयोध्या के नागरिकों, मंत्रियों और रानियों ने देखा कि श्रीराम पुष्पक विमान से धरती पर उतरे है। उन सबने विमान पर विराजमान श्रीराम के दर्शन किए और वे उन्हें लेकर अयोध्या गए।श्रीराम का जन्म 'इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च ऑन वेदाज' के शोधानुसार श्रीराम का जन्म 5114 ईसा पूर्व हुआ था। जबकि श्रीराम ने रावण का वध 4 दिसंबर 5076 ईसा पूर्व किया था। वे 29वें दिन 2 जनवरी 5075 ईसा पूर्व वापस अयोध्या लौटे थे। अयोध्या लौटने के खुशी में अयोध्यावासियों ने दीपावली मनाई थी। राम वास्तव में परमात्मा ही है जो संगम युग में धरा पर अवतरित हो कर अपनी बिछड़ी हुई सीता यानि सतयुगी आत्मा को रावण यानि विकारों के चंगुल से छुड़ाने आते है।

सीता, हर वह आत्मा जो वास्तव में पवित्र है परंतु आज रावण के चंगुल में फँसी होने के कारण संताप झेल रही है। रावण, पतित व विकार युक्त सोच व धारणा ही रावण है जिसमें फँसी हर आत्मा आज विकर्मों के बोझ तले दबती जा रही है। पाँच मुख्य विकार पुरुष के व पाँच विकार स्त्री के ही रावण के दस शीश हैं।हनुमान, वास्तव में धरा पर अवतरित हुए परमात्मा को सर्वप्रथम पहचानने वाली आत्मा ही हनुमान हैं परंतु हर वह आत्मा जो ईश्वर को पहचान दूसरी आत्माओं ( सीता ) को धरा पर आए ईश्वर ( राम ) का संदेश देने के निमित बनती है, वह भी हनुमान की तरह ही है।

# रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में सीबीएसई की कार्यशाला आयोजित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी, रिसोर्स पर्सन कृष्ण गोपाल अरोरा व रुचि रावत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी ने रिसोर्स पर्सन कृष्ण गोपाल अरोरा व रुचि रावत को गुलदस्ते देखकर उनका स्वागत किया।

कार्यशाला में ट्रेनिंग सेशन में प्रस्तावित टॉपिक हैप्पी क्लासरूम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की शिक्षा पद्धतियों पर चर्चा की गई। सीबीएसई देहरादून की ओर से नियुक्त रिसोर्स पर्सन के रूप में मुजफ्फरनगर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण गोपाल अरोरा व रुड़की स्कूल की प्रधानाचार्या रूचि रावत ने बिजनौर जनपद के 60 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया । वेन्यू डायरेक्टर के रूप में रूट्स बिजनौर के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार त्यागी ने अपने उद्बोधन में सीबीएसई बोर्ड के इस प्रकार के ट्रेनिंग सेशन को शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत बहुमूल्य व लाभकारी बताया। इस सफल कार्यशाला के लिए रूट्स बिजनौर के निर्देशक आदित्य गुप्ता ने समस्त स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम की व्यवस्था में ऋतीक जोशी, रुचि शर्मा के साथ भूपेन्द्र सिंह, रीता सिंह, सौरभ जोशी, सोनिका चौधरी, पूजा लाहौरी, सोनम एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर रुचि शर्मा ने किया।

# पंजाबी संगठन ने झुग्गी बस्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ दिवाली का उत्सव मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन और लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की ओर से साईं मंदिर, कपड़ा मिल के पास झुग्गी बस्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ दिवाली का उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर सभी ने मिलकर लक्ष्य पाठशाला के बच्चों और झुग्गी क्षेत्र के परिवारों को मिठाइयाँ, खाद्य सामग्री और पटाखे वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने की। उन्होंने कहा कि, ह्वदिवाली का असली आनंद तभी है जब हम अपनी खुशियाँ उन लोगों के साथ बाँटें जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। सेवा और प्रेम ही सच्चे त्योहार का प्रतीक हैं। इस अवसर पर अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, कोमल, नीता गुप्ता, रोजी, डॉ. सुषमा त्यागी और पंजाबी संगठन से नीरज बत्रा उपस्थित रहे, जिनका खास योगदान रहा।

# आर.के.जी.आई.टी. में ए.के.टी.यू. जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का समापन सफलतापूर्वक हुआ। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव 16 व 17 अक्टूबर को आयोजित किया गया। जिसमें 21 महाविद्यालयों के लगभग 1200 छात्र-छात्राओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सुभाष वर्मा, उप कमांडेंट (सेवानिवृत्त), बीएसएफ एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करते हैं, जिन्हें प्रत्येक खिलाड़ी को अपनाना चाहिए। समापन समारोह में वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच. जी. गर्ग, तथा जोनल कोऑर्डिनेटर आलोक त्यागी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों की मेहनत एवं खेल भावना की सराहना की। जोनल परिणामः चैंपियनः एकेजीइसी, प्रथम रनर-अपः काइट तथा द्वितीय रनर-अपः आर.के.जी.आई.टी। खेल प्रतियोगिताओं में आर.के.जी.आई.टी. ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी (बॉयज व गर्ल्स), खो-खो (बॉयज व गर्ल्स) और वॉलीबॉल (बॉयज) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि के.आई.ई.टी. की टीमों ने वॉलीबॉल (गर्ल्स) और बास्केटबॉल (बॉयज व गर्ल्स) में विजयी प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस सफल आयोजन के माध्यम से आर.के.जी.आई.टी. ने न केवल उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और सौहार्द्र के मूल्यों को भी प्रोत्साहित किया।

# लोकदल सदस्यता अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मुरादनगर के सलेमाबाद गांव में राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय सचिव वीर सिंह सलेमाबाद द्वारा राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता अभियान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी और संचालन लोक दल के विधानसभा अध्यक्ष पं अरुण शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी,लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला, जिला महासचिव योगेश फफराना, जिला सचिव सतपाल चौधरी सलेमाबाद, हाजी तोहिद, दीपू शर्मा, नीरज जलालाबाद विनोद प्रधान काजमपुर, देशपाल दुहाई पाल चौधरी वीरेंद्र दुहाई रविंदर चौधरी सुल्तानपुर आदि लोग उपस्थित रहे। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल मजदूर और किसान कमेरों की पार्टी है यह 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और अंबेडकर जयंती से सदस्यता अभियान का कार्यक्रम शुरू हुआ था। जिसमें लाखों की संख्या में लोगों ने अब तक सदस्यता ग्रहण की है।साथ ही राष्ट्र लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बताया की चौधरी चरण सिंह जी के साथ उनकी नीति पर चलते हुए चौधरी अजीत सिंह ने भी जब वह कैबिनेट में उद्योग मंत्री थे तो उन्होंने उत्तर प्रदेश में 44 शुगर मिल खुलवाई। जिससे किसानों को कोई परेशानी ना हो और किसानों को अपनी फसल का अपने गन्ने का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। अजय प्रमुख ने बताया की कैसे राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कौशल विकास मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह कैसे युवाओं की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे विष्णु चौधरी, कालू चौधरी, मुन्ना खान, पप्पू चौधरी, जगबीर जाटव, पप्पू चौधरी, राधे चौधरी, पाल चौधरी, सुनील चौधरी, राहुल चौधरी, ओमपाल चौधरी, गजेंद्र चौधरी, राजेंद्र नेताजी, मन्नू चौधरी, मुकुल चौधरी, दीपक चौधरी, सनी चौधरी, अमित चौधरी, बिल्लू चौधरी, विजेंद्र चौधरी आदि लोगों उपस्थित रहे

# इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में दीपावली पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर (आईफा) मैं दीपावली पर्व के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बहुत सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाई। छात्र-छात्राओं रंगोली बनाकर ने सैकड़ों मिट्टी के दिए जलाकर दीपावली पूजन किया एवं बम पटाखे फुलझड़ी चला कर दीपावली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस रंगोली प्रतियोगिता का किया गया। इस रंगोली प्रतियोगिता में अंश कुमार, सिद्धार्थ गौतम, आयुष, प्रियांशी, परी ,पूजा, शमा , राशि, उमंग , वंशिका राजपूत, अदिति शर्मा, गार्गी, प्रिया, अनन्या, अंजलि, अदिति अदिति भूटानी, संजना, फिजा, आशी, माही, लकी, शबनूर ने भाग लिया।

# प्राथमिक विद्यालय जलालपुर में दीपावली उत्सव मनाया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** प्राथमिक विद्यालय जलालपुर ब्लॉक मुरादनगर में प्रधानाध्यापक दीपक शुक्ला की अध्यक्षता में सहायक अध्यापिका प्रीति के सहयोग से दीपावली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। उत्सव के तहत छात्रों द्वारा विद्यालय को फूलों एवं दीयों से सजाया गया। रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रधानाध्यापक दीपक शुक्ला, उपस्थित सदस्यों एवं अभिभावकों ने श्रीमती प्रीति के प्रयासों एवं बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं रंगोली की सराहना की। इस शुभ अवसर पर कक्षा अध्यापिका प्रीति ने बुराई पर अच्छाई के प्रतीक एवं जीवन को रोशनी से जगमग करने वाले दीपोत्सव की पौराणिक कथाओं तथा इसके धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की शपथ दिलाई। सभी बच्चों ने मिठाइयों का आनंद लिया एवं एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

## सत्संगः नेकी के रास्ते पर चल नेक इंसान बनोंः पं0 अशोक जी



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने सभी ग्रंथों एवं हरि कथाओं का सार बताते हुए यहां कहा कि नेकी की राह पर चलकर नेक इंसान बनने से यश, कीर्ति, मान–सम्मान, एवं प्रभु का सान्निध्य प्राप्त होता है। सभी धार्मिक ग्रंथ व प्रभु कथाएं भी यहीं संदेश देती है कि अर्जुन बनने के बजाय आर्यजन बनो अर्थाक श्रेष्ठ कार्यो द्वारा समाज में उत्तम छवि कायम करो। पं0 अशोक शास्त्री यहां गुरूनानकपुरा कालोनी की गली नं0 एक निवासी मुकेश अग्रवाल के आवास पर आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुजनों के समक्ष धर्म प्रवचन कर रहे थे। इस अवसर पर कुणाल अग्रवाल, देवेंद्र गर्ग, पंकज अग्रवाल, प्रदीप वार्ष्णेय, विशाल, रश्मि, मोनिका, नताशा गोयल, कुमुद पंत, रीता वार्ष्णेय सहित अनेक श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# अतरौली राजकीय हाई स्कूल में करियर मेले का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** तहसील मोदीनगर के ग्राम अतरौली में स्थित राजकीय हाई स्कूल में करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर आदर्श जनता इंटर कॉलेज फरीदनगर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी प्रेम चौधरी, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा पवन कुमार भाटी, सूबेदार मेजर परमानंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर से डॉक्टर सुशांत सिंह, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक श्रीमती रुपाली, सब इंस्पेक्टर अंजलि पाल इत्यादि में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती रुचि शर्मा ने की। प्रेम चौधरी द्वारा इतिहास विषय की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया।विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम को बड़े ध्यान से देखा एवं सुना गया। मंच का संचालन नोडल प्रभारी डॉक्टर उमा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकता अग्रवाल,नेहा त्यागी,कोमल कुमारी इत्यादि ने भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉं में दीपावली महोत्सव-2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** अनुज गोयल कॉलेज ऑफ लॉं, भोजपुर, मोदीनगर में दीपावली महोत्सव-2025 का आयोजन हुआ।इसमे विधि विभाग के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया इसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए। सभी छात्रो के खाद्य पदार्थ उत्तम गुणवत्ता के थे। सभी छात्रों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने इसमें प्रतिभाग किया। उमंग उत्साह व खुशी के साथ यह दीपावली महोत्सव मनाया गया। दीपावली महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य संरक्षिका माता जी श्रीमती माया गोयल जी के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया। छात्रों की प्रस्तुतियो में गीत संगीत व नृत्य के साथ किया गया। दीपावली महोत्सव में कॉलेज के अध्यक्ष व शिक्षाविद सीए०(डा०) अनुज गोयल जी, सीए० मुकुल सिंघल व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।कॉलेज की डायरेक्टर डा० पूनम गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रो के बीच नैतिक मूल्यो, सामूहिक भावना व एक साथ साझेदारी से काम करने की भावना बढती है। सीए० (डा०) अनुज गोयल ने कहा कि दीपावली महोत्सव ने कॉलेज में खुशी और उत्सव का महौल बनाया है। इस मेले में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रो को स्मृति चिहन प्रदान कर दीपावली की अनन्त शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया।



## एकजुटता से मिली आंशिक जीत, समाधान तक जारी रहेगी जनजागृति पद यात्रा-ईश्वर चंद्र



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** ग्राम अबूपुर में निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे लंबे धरना आंदोलन के परिणामस्वरूप आज ठेकेदार द्वारा कच्चा सोकपिट निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और बताया गया है कि अस्थायी नालियों के निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी, वहीं स्थायी नालियों एवं मार्ग को ऊँचा कर पक्का निर्माण कार्य भी शीघ्र कराया जाएगा। ईश्वर चंद्र ( संस्थापक झ्र निर्वाण फाउंडेशन) की सहमति से आज धरने के 23वें दिन ग्रामवासी समाजसेवी हरेंद्र शर्मा द्वारा धरने को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि ह्लजब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक ह्यएक दिन,एक गांवह्व के सिद्धांत पर जनजागृति पद यात्रा जारी रहेगी। इस अवसर पर संस्थापक ईश्वर चंद्र ने इसे ग्राम अबूपुर के सभी पीड़ित परिवारों की सामूहिक जीत बताते हुए कहा कि यह जीत केवल किसी एक की नहीं, बल्कि पूरे ग्राम की आवाज की जीत है। अब हमारी जनजागृति यात्रा हर गांव में प्रशासन को जगाने का कार्य करेगी। उन्होंने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त ग्रामवासियों, सामाजिक संस्थाओं, आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी साथियों और जन–जागरूक नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया नितिन चौधरी, महेंद्र, सतेन्द्र, अजीत, दीपक, अरुण, राजेंद्र, अमित कुमार, गौरव, उज्ज्वल, जीतेन्द्र, कृष्णा, बबल, प्रकाश, हरपाल, पाल्ली, मिंटू, चंद्रपाल, आदि लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने

# कर्नाटक और महाराष्ट्र को एसडीआरएफ के केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1950.80 करोड़ रुपये की दी मंजूरी

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को एसडीआरएफ के केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दी` प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और आपदाओं के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं` वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को 13,603.20 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत 15 राज्यों को 2,189.28 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

इस वर्ष मानसून के दौरान, बचाव और राहत कार्यों के लिए 30 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में एनडीआरएफ की सर्वाधिक 199 टीमें तैनात की गईं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2025-26 के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र को एसडीआरएफ में केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने की स्वीकृति दी है 1,950.80 करोड़ रुपये की कुल राशि में से, कर्नाटक के लिए 384.40 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 1,566.40 करोड़ रुपये इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार, बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है । इस वर्ष केन्द्र सरकार पहले ही एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को 13,603.20 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत 15 राज्यों को 2,189.28 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (रऊटऋ) से 21 राज्यों को 4,571.30 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (ठऊटऋ) से 9 राज्यों को 372.09 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

## लापता युवक की खोज में निकला पीड़ित पिता

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल से एक युवक घर से लापता हो गया पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी शमशाद ने बताया कि उसका पुत्र दानिश विगत शुक्रवार की शाम को घर से खाना खाने के बाद निकल गया था मगर शाम तक घर नहीं लोटा। काफी खोज बीन करने के बाद भी युवक का कहीं भी सुराग नहीं लग रहा पीड़ित ने युवक को अपने रिश्तेदारियों सहित आसपास के स्थानो पर देख लिया है। पीड़ित व्यक्ति शमशाद ने थाने पर पहुंचकर अपने लापता पुत्र दानिश की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है। पीड़ित व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने पुत्र के फोटो वायरल करते हुए भी अमजन से खोजने की अपील की है।

# रंगोली महोत्सव में खिला रचनात्मकता का रंग

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** कुंजेरा रोड स्थित जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दीपावली के पावन अवसर पर ह्वदीपों और रंगों का संगमह्व विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जलते दीपों की झिलमिल रोशनी के बीच छात्राओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में ए.एन.एम. और जी.एन.एम. की छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक थीम पर आकर्षक रंगोलियाँ बनाईं – किसी ने मोर की छटा बिखेरी तो किसी ने दीपों और फूलों से सजे कलश की सुंदरता दिखाई।

प्रतियोगिता में कलश की रंगोली को प्रथम स्थान, मोर की रंगोली को द्वितीय स्थान तथा दीपकों की रंगोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कॉलेज डायरेक्टर बी.बी. शर्मा ओर डॉ विन्देश कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा त्योहारों का सार एकता और सहयोग है। ऐसे आयोजन युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और उत्साह को बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डा. ललित, विशाल सिंघल, सागर शर्मा, नेहा, कन्हैया सैनी, दिव्यांशी सक्सेना, गुरुदेव, महेश सिंह, बल्देव सैनी, बलराम, रामकुमार, मनोज समाधिया, विष्णु सैनी सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विजेता छात्राओं को प्रथम ग्रुप को तीन कॉफी सेट, द्वितीय को लाइट सेट, तृतीय को इयर बड ओर सभी को पेन सेट से सम्मानित किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

## सार संक्षेप

## लखीमपुर खीरी दशहरा मेले का भव्य समापन, योगदानकर्ताओं को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** दशहरा मेले का समापन शानदार तरीके से हुआ। पुलिस, नगरपालिका कर्मचारी और सेवाभावी व्यक्तियों को सुरक्षा, व्यवस्था और स्वच्छता में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके प्रयासों ने मेले को सफल और यादगार बनाया। दशहरा मेला अपने सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। इस वर्ष मेले का समापन बेहद भव्य तरीके से हुआ। सुरक्षा, व्यवस्था और स्वच्छता सुनिश्चित करने में जिन लोगों ने अहम योगदान दिया, उन्हें मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव और अध्यक्ष अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने सम्मानित व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए। सम्मानित किया गया। पुलिस कर्मियों की मेहनत, नगरपालिका कर्मचारियों की स्वच्छता के प्रयास और सेवाभावी व्यक्तियों की भागीदारी ने मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ग्वाड़-पजेणा गांव में चार शावकों के साथ धमका गुलदार

**गरुड़, दिनेश नेगी।** गरुड़ तहसील के ग्वाड़-पजेणा गांव मेंदोपहर में ही कालिका मंदिर के पास चार शावकों के साथ गुलदार आ धमका। जिससे वहां हड़कंप मच गया। ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने काफी हो हल्ला मचाया। बमुश्किल गुलदार चार शावकों को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। ग्वाड़-पजेणा गांव में रविवार को दिनदहाड़े चार शावकों को लेकर गुलदार के आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीण घरों में दुबककर हो-हल्ला मचाने लगे। गुलदार कालिका मंदिर के पास की झाड़ी में छिप गया। ग्रामीण साहस जुटाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शोर मचाने लगे। जिससे गुलदार शावकों को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों को आशंका है कि गुलदार रात में या कभी भी शावकों को देखने फिर उसी स्थान में आ सकता है। जिससे वह राह चलते किसी पर हमला भी कर सकता है। कोई अनहोनी घट सकती है। क्षेपं सदस्य प्रमोद जोशी ने वन विभाग से मौके पर पिंजड़ा लगाकर तत्काल गुलदार को पकड़ने व शावकों को संरक्षण में लेने की मांग की है। इधर सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।

# मिनिस्ट्रीय सर्विसेज एसोसिएशन के अनिल जोशी अध्यक्ष व भुवन जोशी बने जिला मंत्री

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन जिला इकाई का अधिवेशन संपन्न हो गया है। पहले सत्र में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जबकि दूसरे सत्र में संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कहा कि किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। रिवर व्यू गेस्ट हाउस गरुड़ में रविवार को द्विवर्षीय अधिवेशन शुरू हुआ।

वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की उपेक्षा के चलते अभी भी कई मांग पूरे नहीं हो पाए हैं। संगठन के माध्यम से मांगे पूरी कराई जाएंगी। इसके बाद हुए चुनाव में सर्वसम्मति से लोनिवि के अनिल जोशी अध्यक्ष, पंचायती रात के लक्ष्मण सिंह बोरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चिकित्सा विभाग के कुलदीप परिहार उपाध्यक्ष, शिक्षा विभाग के भुवन जोशी महामंत्री, कलक्ट्रेट के दिनेश खेतवाल संयुक्त मंत्री, लोनिवि के पंकज कुमार संयुक्त मंत्री, शिक्षा विभाग के कैलाश बिष्ट संगठन मंत्री, उद्यान विभाग के मंजुल पांडेय कोषाध्यक्ष बनाए गए।

चुनाव अधिकारी कैलाश अंडोला की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए सँगठन हित के लिए परस्पर समन्वय से संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा। तथा कर्मचारी हितों के लिए कार्य किया जाएगा।

## घरेलू डॉग की मौत पीएम की मांग

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी एक युवक के घरेलू डॉग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने घरेलू डॉग के पीएम करने की मांग की है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरौल निवासी विपिन जावला ने बताया कि उसने अपने घर पर एक घरेलू डॉग पाल रखा था। पीडित ने बताया कि बीते दिनों मेरठ में लगे कृषि मेले से उसने एक दवाई खरीदी थी और विगत 15 अक्टूबर को अपने डॉग को खिलाई थी। पीड़ित को आशंका है है की दवाई से उसके पालतू डॉग की मौत हो गई है। पीड़ित युवक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामली सहित थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर अपने घरेलू डॉग के पीएम करने की मांग की है।

# पुलिस की कार्रवाई, अवैध कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। रविवार को थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी शोएब पुत्र सलीम लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त बताया जा रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार वर्मा व कांस्टेबल सुमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस का कहना है कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है तथा ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है ताकि अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# घर के बाहर से हुई बाइक चोरी फोटो वायरल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)।** कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान से एक्टिवा के घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई चोर की करतूत मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित ने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए अमजन से सहयोग की अपील की है।

रविवार को कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी शमीम ने बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर रखी थी तभी एक चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक को चोरी कर ली। चोर बाइक को चोरी करते हुए लेकर फरार हो गया चोर की करतूत एक मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी बाइक एवं चोर का कहीं भी सुराग नहीं लगा। बाइक चोरी हो जाने से पीड़ित का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित ने वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए अमजन से सहयोग की अपील की है।

# श्रीराधा उपासना कुंज में श्रीहनुमान जयंती महोत्सव के अंतर्गत हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज के प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज के द्वारा संस्थापित ब्रज अकादमी का 47 वां द्विदिवसीय स्थापना दिवस व श्रीहनुमान जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत प्रातःकाल अखंड रामचरितमानस के विश्राम पर संतों व भक्तों के द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। तत्पश्चात महंतों का सम्मान व सन्त, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।


इस अवसर पर आयोजित वृहद संत-विद्वत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए अखंडानंद आश्रम (आनन्द वृन्दावन) के परमाध्यक्ष स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज कलयुग के सच्चे देव हैं।

मां जानकी के आशीर्वाद से वे सप्त चिरंजीवियों में सबसे प्रमुख हैं। वे बल, बुद्धि और विवेक के निधान हैं। संसार में ऐसा कोई कार्य नहीं, जिसे हनुमानजी महाराज पूर्ण नही कर सकते हैं।

सन्त-विद्वत सम्मेलन में सन्त प्रवर मौनी बाबा (बेरिया वन सरकार), आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, बालशुक पुंडरीक कृष्ण शास्त्री, आचार्य रामकांत शास्त्री, पण्डित देवकीनंदन शर्मा, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, ब्रज अकादमी के निदेशक डॉ. बी.बी. माहेश्वरी, सन्त सेवानंद ब्रह्मचारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने दिया। महोत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, पूर्व पालिकाध्यक्ष पण्डित मुकेश गौतम, महंत आचार्य रामदेव चतुर्वेदी, अश्वनी माथुर (दुबई), पिंकी माथुर, प्रिया माथुर, उमेश गंभीर (अलीगढ़), श्रीमती सुनीता गंभीर, अंकित कश्यप (दिल्ली), भगवान सिंह, धनीराम (आगरा), धर्मवीर, रामायणी जी (आगरा), मदन पाल आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 अक्टूबर को नई दिल्ली राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को करेंगे श्रद्धांजलि अर्पित

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में 21अक्टूबर 2025 मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे` दिनांक 21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थीं इन शहीदों एवं ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में 21अक्टूबर को पुलिस स्मृति दविस के रूप में मनाया जाता है` पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान को चिरस्मरणीय बनाने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार 21 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

21 अक्तूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। तब से प्रतिवर्ष 21 अक्तूबर पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है` पुलिस कर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री जी ने पुलिस स्मृति दिवस 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया। यह स्मारक पुलिस बलों में राष्ट्रीय पहचान, गर्व, उद्देश्यों में एकरूपता, एक समान इतिहास और भविष्य की भावना भरने के साथ-साथ उनकी इस प्रतिबद्धता को भी और मजबूत करता है कि उन्हें अपने प्राणों की कीमत पर भी देश की रक्षा करनी है` पुलिस स्मारक में एक केंद्रीय शिल्पकृति के अलावा शौर्य की दीवार तथा एक संग्रहालय भी मौजूद है केंद्रीय शिल्पकृति के रूप में मौजूद एक तीस फुट ऊँचा ग्रेनाइट का एकल पाषाण खंड पुलिस कर्मियों की शक्ति, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है।

## करंट से युवक घायल, लोगों ने पहुँचाया अस्पताल



**लखीमपुर खीरी।** मेला मैदान धर्म काटा स्थित सुदामा स्वीट्स दुकान पर झालर डालते समय एक युवक को करंट लग गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है।

# स्कूल में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के कैराना रोड स्थित दून पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व बड़ी हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगोली और दिया सज्जा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 5 की अफसरा, जोया, इरम और मानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 की तबस्सुम और जिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा 3 की रविषा, इकरा और जिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिया सज्जा प्रतियोगिता में यूकेजी की अलीफसा ने प्रथम स्थान, पांचवीं कक्षा की साहिबा ने द्वितीय स्थान और कक्षा 6 की सबनूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शिवम्‌कसाना ने की, जबकि प्रबंधक रजनी सैनी ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सोनू, अंकुर, सानिया, कामना सहित अन्य शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# राजन होटल पर नहीं रुक रहा है जिस्मफरोशी का गोरख धंधा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर**। नजीबाबाद में फिर विवादों में घिरा राजन होटल भाकियू पदाधिकारी पहुंचे, कई युवक-युवतियां मिलीं, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल होटल में ना कोई खाने की व्यवस्था आखिरकार किस चीज पर चल रहा है होटल सिर्फ काले धंधे पर चल रहा है होटल

नजीबाबाद नगर के हरिद्वार रोड स्थित मालन नदी के पास चर्चित एवं विवादित राजन होटल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। शनिवार को होटल में उस समय हड़कंप मच गया जब भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के पदाधिकारियों को सूचना मिली कि होटल में कई युवक और युवतियां संदिग्ध अवस्था में मौजूद हैं। सूचना मिलते ही भाकियू के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे ।बताया जा रहा है कि होटल के कमरों में कई युवक-युवतियां संदिग्ध हालत में मिले।इस पर भाकियू पदाधिकारियों ने तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को फोन से सूचना दी, लेकिन किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा।

सूत्रों के अनुसार, इसके बाद भाकियू पदाधिकारियों ने पूरे मामले की जानकारी जिलाधिकारी बिजनौर को दी। डीएम के स्टेनो ने फोन पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ।इसी बीच, शहर के कुछ तथाकथित दलाल भी मौके पर पहुंच गए और होटल प्रबंधन के पक्ष में बैठक करने लगे, जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया।

भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि,हमने दीपावली के त्योहार के बीच भी जनता की आवाज उठाने को प्राथमिकता दी है। त्यौहार के बाद जिलाधिकारी और कप्तान साहब से औपचारिक मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी ।स्थानीय लोगों का कहना है कि राजन होटल पहले भी अवैध गतिविधियों को लेकर विवादों में रह चुका है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते होटल संचालक बेखौफ होकर अपना व्यवसाय चला रहे हैं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो दीपावली के बाद होटल पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी नजीबाबाद से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं थाना प्रभारी नजीबाबाद का कहना है कि बिना मजिस्ट्रेट के हम कार्यवाही नहीं कर सकते।

स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि क्षेत्रीय दरोगा का रवैया होटल स्वामी के प्रति संदिग्ध है और वह उसके साथ खुलकर दिखाई देता है।

## अगौता पुलिस ने लावारिस ट्रैक्टर ट्रॉली किये बरामद



**बुलंदशहर**। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही अगौता क्षेत्र के गाँव ढकौली मंडी के पास पुलिस को एक ट्रैक्टर ट्रॉली जो अवैध मिट्टी से भरी हुई थी जिसे पुलिस ने बरामद किया हैं थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि अगौता पुलिस शनिवार की सुबह जौली प्याऊ पर चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि गाँव ढकौली मंडी के पास एक अवैध ट्रैक्टर ट्राली खड़ी है जिसमें मिट्टी भरी हुई है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जाकर देखा तो वहां पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई थी। लेकिन उस पर चालक नहीं था पूछताछ करने पर भी वहां कोई नहीं आया। पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले आई और अवैध खनन की कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्राली का लावारिस में मुकदमा दर्ज कर दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी अगर कोई भी अवैध खनन करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्नातक विधान परिषद की वोट बनवाने में जुटे कार्यकर्ता: ज्ञानेंद्र सिंह राघव



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**। रविवार को स्याना में कांग्रेस के नेता व पदाधिकारियो की एक बैठक जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी साजिद चौधरी के आवास पर आहूत की गई जिसमें नेता व कार्यकर्ताओं को वोट बनवाने व फॉर्म भरने का प्रशिक्षण पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ठाकुर राकेश भाटी व कोऑर्डिनेटर व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने दिया व कांग्रेस नेता व कार्यकताओं से स्नातक विधान परिषद चुनाव में मेरठ सहारनपुर से घोषित प्रत्याशी विक्रांत त्यागी को शिक्षित युवाओं की बुलंद आवाज बताते हुए पूर्व में भाजपा के रहे एमएलसी को विधान परिषद में बेरोजगारी व शिक्षित युवाओं की आवाज ना उठाकर निजी संसाधन जुटानें का आरोप लगाया जिस पर जिला उपाध्यक्ष साजिद चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में तुरंत गति से वोट बनवाने का आश्वासन दिया शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी ने बताया कि दिसंबर 2022 तक स्नातक रह चुके सभी शिक्षित छात्र-छात्राओं का 5 नवंबर तक वोट बनवाने की तिथि है जिसे समय से पूरा करें बैठक में साजिद चौधरी अनिल शर्मा जिला उपाध्यक्ष, इंजीनियर रवि लोधी, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, चौधरी, नजमी नगर अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहें।

## सार संक्षेप

### यातयात पुलिस ने किए चालान वसूला जुर्माना




**बुलंदशहर**। यातायात व जनपदीय पुलिस द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 28 वाहनों के चालान व 1 बस सीज कर 251000 का जुमार्ना लगाया गया। बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपदीय पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा आज दिनांक 19 अक्टूबर 2025 को त्योहारों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु ऐसे वाहन जो माल वाहक होते हुए सवारी ढोने का कार्य कर रहे हैं एवं बसों इत्यादि की छत पर बैठकर सवारी करा रहे है, के विरूद्ध कड़ा अभियान चला कर ऐसे 28 वाहनों के चालान व 1 बस सीज कर 251000 का जुमार्ना लगाया गया।

### एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**बुलंदशहर**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्व के दृष्टिगत थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मार्गों का भ्रमण/निरीक्षण कर आम-जनता व ज्वैलर्स से वार्ता कर सुरक्षा-व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बुलंदशहर रविवार शाम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तेजवीर सिंह सहित आगामी पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत बाजारों, भीड़भाड़ वालें इलाकों, महत्तवपूर्ण/संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। आम-जनता व ज्वैलर्स से सुरक्षा-व्यवस्थाओं के सम्बन्ध मे वार्ता की गयी तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खुर्जा पूर्णिमा सिंह भी मौजूद रहीं।

# दीपावली के मौके पर एक शाम मोहब्बतो के नाम से एक शेरी महफिल का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर नजीबाबाद**। गीत गजल संगम एकेडमी नजीबाबाद की ओर से दीपावली के मौके पर एक शाम मोहब्बतो के नाम से एक शेरी महफिल का आयोजन किया गया ।शायरों ने अपना उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद बटोरी ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ को समाज सेवी तस्नीम सिद्दीकी को,और नसीम आलम एडवोकेट को शाल ओढ़ाकर समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

मोहल्ला मुगलुशाह में मुख्तार अहमद अंसारी के हाल में शानावर किरतपुरी की अध्यक्षता और कारी शाकिर रिजवी के संचालन में आयोजित शेरी महफिल का आगाज मौलाना अकरम कासमी की नात ए पाक से हुआ। मुख्य अतिथि कपिल सर्राफ ने अपने संबोधन में सभी को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि यह नजीबाबाद की गंगा जमुनी संस्कृति है कि दीपावली पर एक शाम मोहब्बतो के नाम शेरी महफिल सजाई गई है ।उन्हों ने कहा कि इसी तरह से मोहब्बतें एक दूसरे के दिलों में रहे और हर त्योहारों को मिल जुल कर मनाएं ।शायरों ने देश प्रेम पर अपने रचनाएं प्रस्तुत की ।शायरों ने समाज को एक अच्छा संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथि तस्नीम सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह की महफिलों से हम मोहब्बतें बांटते रहेंगे ।नफरतों के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

विशिष्ट अतिथि नसीम आलम एडवोकेट ने कहा कि दीपकों का त्यौहार हमे रोशनी बांटने का संदेश देता है ।आपस में मिल जुल कर रोशनी बांटते रहे ।और पूरे देश को यह बता दे कि नजीबाबाद मोहब्बतो का नगर है ।समाज सेवी काजी आसिफ अली मुक्तकी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्हों ने कहा कि शिक्षा से ही हम अपने अंदर प्रेम की भावना को जाग्रत कर सकते हैं ।कारी शाकिर रिजवी के संचालन में आयोजित शेरी महफिल में शानावर किरतपुरी,डॉक्टर रईस भारती,डॉक्टर नसीम अख्तर, मौलाना अकरम कासमी,डॉक्टर आफताब नोमानी,शादाब जफर शादाब,कारी शाकिर रिजवी,डॉक्टर इलियास अंसारी,आसिफ मिर्जा, अब्दुल हई सबा,हाफिज शादाब,आदि ने अपना खूबसूरत कलाम पेश किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के शाहिद सिद्दीकी, मोनू टाटा,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रईस कुरेशी,अमजद सिद्दीकी,अजीज मुल्तानी,शेर हुसैन उर्फी,अबरार सलमानी,डॉक्टर तौकीर मुल्तानी, डॉक्टर मजहर अलम,एम डी खान,साबिर अहमद,शादाब नोमानी, शहजाद गांधी,सूफियान फौज,जैद मुल्तानी,आदि मौजूद रहे ।

## बुकलाना में बाप ने बचाई बेटे की जान, करंट से बाप की मौत

**बुगरासी**। शनिवार शाम के समय बुकलाना निवासी ललित व उसका पिता कपिल अपने खेतों पर काम कर रहे थे ।इसी बीच बेटा ललित ट्यूबवैल के कटाऊट के फ्यज ठीक करने लगा तो उसको बिजली ने पकड लिया ।बेटे को बिजली से पकडा देख बाप कपिल ने दौडकर बेटे की जान बचाई मगर बेटे की जान बचाते समय खुद करंट की चपेट मे आ गया ।जिससे कपिल की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुच गये और फौरन उपचार हेतु डाक्टर के पास ले जाना चाहा लेकिन तबतक कपिल की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिये शव का बसी गंगा घाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में शोक व्याप्त है।

# वी.एस.पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली उत्सव

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह







**वाराणसी**। मीरापुर बसही स्थित वी.एस.पब्लिक स्कूल में दीपों का पर्व दीपावली बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गयो बच्चों ने रंग-बिरंगी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया,मिठाइयाँ बाँटीं और खुशियाँ साझा कीं संस्था के फाउंडर ट्रस्टी उमेश चन्द्र मिश्रा,चेयरमैन/प्रिंसिपल पं.श्यामधर शर्मा,वाइस चेयरमैन सुधा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल निशा राय ने शिक्षकों को उपहार एवं शुभकामनाएँ दीं कार्यक्रम में ड्रॉइंग,दीया सजावट और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुईं जिनमें बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

प्रथम विजेता विद्यार्थी इप्शिता, वृतिका, कृत्यानी, आर्या सिंह,नव्या,शानवी और वंश सिंह रहें सभी ने मिलकर प्रेम,उमंग और उल्लास के साथ दीपावली मनाई।

# पुलिस ने चोरी के मामले में एक नफर बालअपचारी को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी
प्रेस नोट

दिनांक-19.10.2025

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में 01 नफर बालअपचारी उम्र 13 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम ने वादी द्वारा चोरी करते पकडे गये बालअपचारी व माल मुकदमाती के आधार पर मु0अ0स0 0278/202 धारा 305(a),317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-
दिनांक 18.10.2025 को वादी मुकदमा द्वारा एक नफर बाल अपचारी उम्र 13 वर्ष को वादी के घर मे ताला तोड़कर तथा घर के वायरिंग का तार काटकर चोरी करते हुए पकड़ लेने व डायल 112 पुलिस के साथ बाल अपचारी व चोरी के माल(टूटा हुआ ताला व विद्युत तार) के साथ उपस्थित थाना आकर चोरी होने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया । जिसकी विवेचना जगदम्बा प्रसाद यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
बाल अपचारी उम्र 13 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-
थाना लालपुर पाण्डेयपुर परिसर से, दिनाक 18.10.2025 को समय 22.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-
01 अदद टूटा हुआ ताला व विद्युत तार।

**वाराणसी**। पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी,लूट, नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम ने वादी द्वारा चोरी करते पकड़े गये बालअपचारी व माल मुकदमाती के आधार पर मु0अ0सं0 0278/202 धारा 305(ं),317 (2) बीएनएस पंजीकृत कर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना के संबंध में पुलिस के द्वारा बताया गया की 18 अक्टूबर 2025 शनिवार को वादी मुकदमा द्वारा एक नफर बाल अपचारी उम्र 13 वर्ष को वादी के घर में ताला तोड़कर तथा घर के वायरिंग का तार काटकर चोरी करते हुए पकड़ लेने व डायल 112 पुलिस के साथ बाल अपचारी व चोरी के माल( टूटा हुआ ताला व विद्युत तार ) के साथ उपस्थित थाना आकर चोरी होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया जिसकी विवेचना जगदम्बा प्रसाद यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पुलिस ने बालअपचारी के पास से एक अदद टुटा हुआ ताला व विद्युत तार किया गया बरामद


आपराधिक इतिहास-

(1)- मु0अ0सं0 0278/2025 धारा 305(ं),317(2) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी

(2)- मु0अ0सं0 0248/2025 धारा 305(ं),317(2), 317(4) बीएनएस थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक,उ0नि0 अरूण कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर सहित कमिश्नरेट वाराणसी की पुलिस टीम शामिल रहीं

# माँ की एक झलक को घंटो कतार लगे में भक्त ,चुनरी भेटकर मांगा आशीर्वाद





वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी**।अन्नपूर्णा मंदिर में पांच दिवसीय स्वर्णमयी माँ अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए दूसरे दिन रविवार को भी भक्तों की लंबी कतार लगी रहीं मंदिर महंत शंकरपुरी ने पूजन करने के बाद सुबह पांच बजे आम भक्तों के लिए पट खोल दियो प्रथम तल पर विराजी माँ स्वर्ण रूप के दर्शन करने हेतु भक्त जा रहते थे भक्त माता के जयकारे लगाते हुए देर रात से ही कतार में लगे हुए थे। महंत शंकर पुरी ने कहा कि काशी ही नहीं,सम्पूर्ण जगत का पालन- पोषण माता रानी करती हैं उन्होंने सभी भक्तों को माता रानी का आशीर्वाद देने की कामना कीं दर्शन हेतु भक्तों की सुविधा के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई है सेवादार भक्तों की मदद में लगे हुए हैं। मंदिर प्रबंधक काशी मिश्रा ने बताया कि अत्यधिक भीड़ होने के कारण मंदिर को एक घंटे अधिक खोला गया था मेडिकल कैंप में दर्जनों लोगों को दवा दी गईं पहले दिन लगभग दो लाख भक्तों ने माता के दरबार में मत्था टेका था।

विशेष मौजूदगी में हरिद्वार से आये शिवांनंद गिरी,प्रदीप श्रीवास्तव,धीरेन्द्र सिंह,राकेश तोमर समेत मंदिर सदस्य उपस्थित रहें।

# डिबाई में त्यौहार पर सब चंगा सी...

वेलकम इंडिया

- शायद डिबाई में बेची जाती है दुनिया की सबसे शुद्ध मिठाई ?
- क्या डिबाई खाद्य सुरक्षा विभाग की तैनाती सिर्फ रबर स्टाम्प की तरह इस्तेमाल हो रही है
- यदाकदा सैम्पलिंग की कार्यवाही आखिर मीडिया से क्यों छिपाई जाती है

**डिबाई**। कहावत है कि जब सड़क पर पुलिस गश्त करती नजर न आए तो मान लेना चाहिए कि शहर अपराधमुक्त है। ऐसे ही जब महीनों से महीनों तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नगर में कोई कार्यवाही या छापे मारी नहीं की जाए तो इसका मतलब ये हुआ कि शहर में बेची जाने वाली मिठाई,देशी घी सरसों का तेल तथा किराना सामग्री 1000% शुद्ध है ।अब इस समाचार पर अपनी आत्मा को बेचे हुए उन अधिकारियों की ओर से ये कथन आयेगा कि हमने पिछले दिनों वहां कार्यवाही की, यहां कार्यवाही की... जिससे मजे की बात ये रहेगी कि उस कथित कार्यवाही की जानकारी न तो मीडिया को दी गई होगी और न आम आदमी को ।तो सवाल ये है कि खाद्य सुरक्षा विभाग नगर एवं क्षेत्र के हलवाइयों और किराना स्टोरों पर इतना मेहरबान क्यों है क्योंकि खाध्य विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से ही आम जनमानस को ये अवगत कराना होता है कि भैया इस दुकान से मिठाई मत लेना क्योंकि ये मिठाई मिलावटी खोवा से बनी हुई है। परन्तु खाद्य सुरक्षा विभाग की डिबाई पर तैनात पंकज वर्मा के द्वारा समय समय पर कार्यवाही न करना एक संदेश जरूर देता है कि आम आदमी को भेड़ बकरी की तरह विषैला और मिलावटी सामिग्री खाने के लिए ही पैदा हुआ है। इतना ही नहीं इस सब पर खाद्य सुरक्षा विभाग तो जो है सो है लेकिन तहसील प्रशासन के सिरमौर कहे जाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को तो ये भी पता नहीं होगा कि डिबाई नगर और क्षेत्र में मिठाई की दुकानें कितनी है। वही दूसरी ओर उनको ये पता करना का कहां समय होगा कि डिबाई में कहां कहां मिलावटी खोवा से बनी मिठाईयां कहां कहां बेची जा रही है। क्योंकि उनको तो कोई लिखित शिकायत देगा तभी तहसील स्तरीय अधिकारी कोई कार्यवाही करेंगे। जहां एक ओर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनीत कुमार के साथ जनपद की अलग लग तहसीलों ने एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने हजारों कुंतल नकली, मिलावटी मिठाई पकड़ी है तो वहीं सैकड़ों लीटर सिंथेटिक दूध और खोवा भी बरामद करते हुए नामचीन लोगों पर दंडात्मक कार्यवाही की है। लेकिन जहां तक बात डिबाई की है तो डिबाई क्षेत्र के सभी ।मिलावटखोर निश्चिंत रहें यहां न खाद्य सुरक्षा विभाग कुछ करेगा और तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही तो हो ही नहीं सकती क्योंकि तहसील स्तरीय अधिकारी तो केवल शिकायती पत्र मिलने के बाद ही कार्यवाही के लिए अधिकृत हैं।

# दिवाली पर मुश्किल भरा सफर: ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं, बस अड्डों पर भी बढ़ी भीड़

वेलकम इंडिया



**बरेली।** त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहे कामगारों की भीड़ के चलते रविवार को ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी का आलम दिखा। बरेली जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ रही। शहर के दोनों बस अड्डों पर भी भीड़ के चलते अव्यवस्थाएं रहीं। बस अड्डों पर जहां यात्रियों को गंतव्य की बस के लिए परेशान होना पड़ा, वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी ने घर वापसी के इंतजार को लंबा कर दिया।

रेलवे की ओर से कई त्योहार विशेष ट्रेनें चलाने के बावजूद भीड़ के चलते सीटें कम पड़ गई हैं। रविवार को बरेली जंक्शन होकर गुजरने वाली अमृतसर एक्सप्रेस, जम्मूतवी, जनता एक्सप्रेस, सियालदाह एक्सप्रेस व पदमावत एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिली। आरक्षित बोगियों का हाल जनरल जैसा था। इस वजह से बरेली जंक्शन से सवार होने वाले यात्रियों को परेशानी आई। ट्रेनों में सीट न मिलने पर यात्री जब सेटेलाइट व पुराना बस अड्डा पहुंचे तो गंतव्य की बस देरी से मिली।

मुरादाबाद मंडल की ओर से जारी हुए आंकड़ों के तहत 295 विशेष ट्रेनों का त्योहार पर संचालन किया जा रहा है। इसमें 10 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है। दिल्ली और बरेली के बीच ही विशेष ट्रेनों से ढाई लाख यात्रियों ने यात्रा की है। रोडवेज के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली से दो दिन में डेढ़ लाख, लखनऊ से बरेली की ओर 80 हजार व अन्य इलाकों से आने वाली बसों में कुल पांच लाख से अधिक यात्रियों के आने का अनुमान है। त्योहार पर ट्रेनों की रफ्तार भी धीमी रही। रविवार को पूर्णिया कोट जाने वाली 05580 विशेष ट्रेन साढ़े तीन घंटे की देरी से जंक्शन पहुंची। इसी तरह आनंद विहार से जाने वाली 04015 स्पेशल दो घंटा 50 मिनट, छपरा वाया सीतापुर 04608 स्पेशल दो घंटा 25 मिनट की देरी से आई। 14618 जनसेवा एक्सप्रेस ने एक घंटा 53 मिनट और डिब्रूगढ़ के लिए जाने वाली 15910 अवध असम एक्सप्रेस ने एक घंटा 15 मिनट का इंतजार कराया।

यात्रियों की परेशानी का फायदा उठाते हुए डग्गामार वाहनों के चालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं। यही नहीं निजी एप पर भी टैक्सी बुक करने पर प्रत्येक सवारी के दिल्ली के लिए 1500 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। सामान्य दिनों में यह 500 से 550 के बीच रहता है। लखनऊ जाने वालों से भी 800 रुपये तक लिए जा रहे हैं। ट्रेनों और बसों में सीट न मिलने की वजह से इतना किराया देना यात्रियों की मजबूरी है।

## एटा में पटाखा गोदाम में धमाका...चार दुकानें धराशायी, एक गंभीर घायल

**एटा।** एटा के बागवाला चौराहे के पास पटाखा गोदाम में रविवार को तेज धमाका हो गया। इससे चार दुकानें धराशायी हो गईं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। चार लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई है। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। दमकल की टीमें लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं।

बागवाला चौराहे से आसपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पटाखा गोदाम बना हुआ था। इसमें रविवार को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके से गोदाम की चार दुकानें धराशायी हो गईं। मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। बताया गया है कि गोदाम कंसुरी निवासी रहीस खान का था। इस गोदाम में पूर्व में ऐसा ही हादसा हो चुका था, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई थी।

# अभावग्रस्त परिवारों के साथ मनाई दीवाली, मिठाई और खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर।** सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकताओं ने हर साल की तरह इस बार भी नगर के सैकड़ों निर्धन और जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपावली की खुशियाँ मनाईं। मिठाई, खिलौने और उपहार पाकर बच्चों ने भरपूर खुशी जतायी।

रविवार को सबसे पहले अनूपशहर रोड स्थित झुग्गी बस्ती में कार्यक्रम संयोजक राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह के साथ दर्जनों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी ने बस्ती के दर्जनों झोपड़ियों के निवासी परिवारों को मिठाई का डिब्बा एवं दीपक आदि सामग्री का गिफ्ट पैक, सभी बच्चों को खिलौने, बाँटकर दीपावली की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। छोटे छोटे मासूम बच्चों ने ढोल नगाड़े की धुनों पर नाचकर खूब जश्न मनाया।

उसके उपरान्त नगर के नई मंडी, मोहन कुटी, बाईपास रोड, विकास भवन, रोडवेज बस स्टैण्ड आदि क्षेत्रों में सड़क किनारे झुग्गी झोपड़ी में रह रहे सैकड़ों परिवारों को भी मिठाई एवं उपहार वितरित कर दीपावली की खुशियाँ साझा कीं।

संस्था के इस वार्षिक आयोजन में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग, विशाल अग्रवाल, राजीव सिंघल, सचिन गर्ग, पारुल अग्रवाल, अनिल गर्ग, आचार्य कृष्ण मिश्रा, नवीन गर्ग, रामावतार लोधी, मयंक गौड़, तुषार गुप्ता, सुधीर गर्ग, देवेश शर्मा, तेजा कुमार, आरव कुमार, मुकुल राजपूत, शुभित अग्रवाल, वासु अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, लकी पंडित आदि उपस्थित रहे।

## चार बोरा अवैध पटाखे सहित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**बुलंदशहर।** थाना अगौता पुलिस द्वारा एक अभिसूचना पर ग्राम अगौता में अभियुक्त पिन्टू पुत्र चन्द्रसैन निवासी गांव अगौता को अवैध पटाखों सहित गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अगौता पर मुअसं- 234/25 धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि दीपावली पर पटाखे बचेकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु, उनके द्वारा पटाखो का भंडारण किया जा रहा था ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अतुल कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना अगौता उ0नि0 पप्पू सिंह, उ0नि0 सत्यवीर सिंह है0का0 अविनाश, का0 वेदप्रकाश आदि शामिल रहे।

## मेरठ में ग्रीन पटाखों की बिक्री को प्रशासन की हरी झंडी

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** जिला प्रशासन ने शहर में ग्रीन पटाखों के उपयोग और बिक्री को मंजूरी दे दी है। पर्यावरण के अनुकूल माने जाने वाले इन पटाखों को चलाने के लिए सख्त दिशा-निदेर्शों के साथ तीन व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। इस फैसले से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया गया है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिली है। ग्रीन पटाखों को पर्यावरण के लिए कम हानिकारक माना जाता है, क्योंकि ये पारंपरिक पटाखों की तुलना में कम धुआं और प्रदूषण फैलाते हैं। प्रशासन ने इन पटाखों की बिक्री के लिए सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों को अपनी दुकानों के आसपास अग्निशमन यंत्र, पानी की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। प्रशासन द्वारा कुलदीप सिंघल सहित तीन व्यापारियों को ग्रीन पटाखों की बिक्री का लाइसेंस दिया गया है। पटाखों की दुकानों के लिए जिमखाना मैदान और नैंसी रेस्टोरेंट के पास स्थानों को चिन्हित किया है। यह सुनिश्चित करेगा कि पटाखों की बिक्री एक नियंत्रित और सुरक्षित वातावरण में हो, जिससे आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या खतरा न हो।

## टोल फ्री हुआ लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे...निकल गए हजारों वाहन

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फतेहाबाद स्थित टोल प्लाजा के 21 कर्मचारी दीपावली का बोनस न मिलने पर हड़ताल करते हुए धरने पर बैठ गए। इससे शनिवार रात 12 बजे से टोल प्लाजा फ्री हो गया। वाहन बिना टोल दिए ही हजारों वाहन निकल गए। श्रीसाईं व दातार कंपनी के कर्मचारी शनिवार रात टोल प्लाजा के बूम खोलकर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी द्वारा दो-तीन दिन से कहा जा रहा है कि बोनस का पैसा आपके खाते में आ जाएगा, लेकिन अभी तक पैसा नहीं दिया गया। मांगें पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# बरेली में युवक की हत्या: गाली-गलौज के विरोध पर पीटकर मार डाला, छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**बरेली।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात गांव कुतुबपुर में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटकर मार डाला गया। घटना के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव कुतुबपुर निवासी चंद्रप्रकाश ने बताया कि उनका भाई रामभरोसे (30 वर्ष) पुताई का काम करता था। वह शनिवार शाम घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव का आनंद प्रकाश शराब के नशे में घर के सामने से निकला। वह भाई को देखकर गाली-गलौच करने लगा। रामभरोसे ने विरोध किया तो वह गाली-गलौज करते हुए अपने घर चला गया।

रात में करीब पौने नौ बजे आनंद प्रकाश अपने भाई रामेश्वर, लालता प्रसाद, जगतपाल, सोनिया एवं रामकली के साथ लाठी-डंडे लेकर घर पर आ धमका। उक्त लोगों ने रामभरोसे पर हमला कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। उसके चीखने पर चंद्रप्रकाश और उनके पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपी लाठी-डंडे से रामभरोसे को पीट रहे थे। उन्होंने बमुश्किल उसे बचाया। इस बीच आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

परिजन गंभीर घायल रामभरोसे को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चंद्रप्रकाश ने पुलिस को सूचना दी। रात में ही सीओ मीरगंज अजय कुमार एवं थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

सीओ अजय कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# बरेली में दीपोत्सव की बहार, शहर में नौ स्थानों पर लगा अस्थायी पटाखा बाजार

वेलकम इंडिया



**बरेली।** बरेली में पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर झालरों से आशियाना जगमग करने के साथ पटाखों से आसमान सतरंगी करने के लिए शहर में अस्थायी पटाखा बाजार सज गए। शुक्रवार को अस्थायी बाजार की अनुमति के बाद शनिवार को विक्रेताओं को लाइसेंस वितरित किए गए। जिला प्रशासन की ओर से इस वर्ष शहर के नौ स्थानों पर अस्थायी पटाखा बाजार लगाने की अनुमति दी है।

नैनीताल रोड मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, कैंट सदर बाजार चर्च के पास, रामलीला मैदान हार्टमैन कॉलेज प्रेमनगर, इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान कोतवाली, बिशप कोनराड स्थल जूनियर विंग से सटे खडंजा पट्टी, राजकीय इंटर कॉलेज मैदान, सुभाष नगर रेलवे मैदान, आईटीआर चलचित्र निगम की भूमि रामपुर रोड, तिलक इंटर कॉलेज मैदान किला में आतिशबाजी की दुकानें लगाई गई हैं।

शुक्रवार को मैदानों पर अस्थायी बाजार लगाने की अनुमति जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने दी थी। शनिवार सुबह बाजार में दुकानें तो सज गईं, लेकिन विक्रय लाइसेंस न मिलने से विक्रेता असमंजस में रहे। दोपहर तक सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर कारोबारियों का जमावड़ा रहा। शाम चार बजे लाइसेंस मिलने के बाद कारोबारी अपनी-अपनी दुकान पहुंचे, फिर पटाखा बिक्री शुरू हुई।

बरेली फायरवर्क्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णदेव सूद के मुताबिक बाजार में अब ग्रीन पटाखों की ही बिक्री हो रही है। बच्चों के लिए सतरंगी फुलझड़ी, मिर्ची बम, माचिस गन, सादा और बम अनार उपलब्ध हैं। इसके अलावा इस बार ड्रोन क्रैकर और बम नए आए हैं। जो ड्रोन की तरह हवा में रोशनी बिखेरते हुए उड़कर फिर धमाका करते हैं।

# कैंटर ने राहगीरों को रौंदा, एक किशोर की दर्दनाक मौत, चार लोग घायल

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** महावन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राया-बलदेव मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बलदेव की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार आयशर कैंटर अनियंत्रित होकर पैदल चल रहे राहगीरों को रौंदते हुए सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। घटना गांव कारब के पास की है।

मृतक की पहचान कपिल (पुत्र भोला), निवासी भरतपुर के रूप में हुई है, जो अपनी ननिहाल कारब में रह रहा था। रविवार को वह तारों धर्मशाला के पास स्थित दुकान से कुछ सामान लेकर पैदल गांव लौट रहा था, तभी बलदेव की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने उसे रौंद दिया। मौके पर ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल अन्य लोगों में सोनू, जो टिर्री में भूसा लेकर राया से अपने गांव कारब लौट रहा था, उसका एक पैर कट गया। बहादुरपुर निवासी बालवीर समेत दो अन्य राहगीर भी इस हादसे में घायल हो गए। सभी घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़ पड़े। मृतक कपिल की मौत की खबर मिलते ही परिजन बिलख पड़े। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कपिल के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे राया-बलदेव मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

सूचना मिलते ही थाना महावन के निरीक्षक सुधीर कुमार और क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार राय मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया।

# अभिषेक हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**बरेली।** बरेली में थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है। 15 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में मेले के दौरान अभिषेक कुमार पुत्र रामकिशन पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में अभिषेक को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामकिशन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस के मुताबिक अभिषेक के दोस्त घायल विकास पुत्र लालाराम निवासी बहादुरपुर ने बताया कि घटना के दिन वह अपने साथियों अभिषेक, प्रमोद और बब्लू के साथ मेला देखने गया था। शराब की दुकान पर दीपक, गोपी, हुकुम सिंह और रौनक नाम के युवकों से उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश में इन युवकों ने रजऊ परसपुर मेले के पास हाईवे पर अभिषेक और विकास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक की मौत हो गई और विकास घायल हो गया था।

पुलिस की तफ्तीश में आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र ईश्वरी प्रसाद, हुकुम सिंह पुत्र लाल सिंह, रौनक पुत्र शेर सिंह और गोपी पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। घटना में नामजद किए गए आरोपी बेदाग साबित हुए और उन्हें थाने से ही छोड़ दिया गया।

# बिगड़ने लगी झांसी की हवा, 30 फीसदी बढ़ा एक्यूआई दीपावली पर साफ-सफाई और कचरा जलाना मुख्य कारण

वेलकम इंडिया

**झांसी।** दीपावली से पहले ही झांसी की हवा बिगड़ने लगी है। सितंबर के मुकाबले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में इस माह अब तक 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। दीपावली पर घर-घर में हुई सफाई, निर्माण कार्यों में तेजी से उड़ रही धूल और कचरा जलाना मुख्य कारण बताया जा रहा है। इस महीने तो एक दिन एक्यूआई 193 तक पहुंच गया था।

सामान्य तौर पर झांसी का पीएम-10 का स्तर 60 से 80 के बीच रहता है, जो कि संतोषजनक स्थिति मानी जाती है। झांसी में प्रदूषण विभाग ने वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर मापने के लिए शिवाजी नगर, वीरांगना नगर और इलाइट चौराहा पर यंत्र लगाए हैं। तीनों ही जगह के आंकड़ों को मिलाकर औसत एक्यूआई निकाला जाता है। आंकड़े देखें तो अक्तूबर के शुरूआती सात दिनों में भी झांसी का एक्यूआई 43 से 62 के बीच बना था। मगर आठ अक्तूबर से इसमें तेजी से वृद्धि होनी शुरू हो गई और एकदम से ये 138.40 पर पहुंच गया। फिर नौ अक्तूबर को 156, 10 को 193, 11 को 126 और 12 अक्तूबर को एक्यूआई 112 रहा। 13 और 14 अक्तूबर को गिरावट होने ये से 100 के नीचे आ गया। उसके बाद से उतार-चढ़ाव बना हुआ है और वायु गुणवत्ता सूचकांक सौ के आसपास बना हुआ है। शनिवार को भी एक्यूआई 102 रहा। आने वाले समय में आतिशबाजी के चलते इसमें और वृद्धि की आशंका है। ऐसे में विशेषज्ञ सांस के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

पीएम-10 को पर्टिकुलेट मैटर कहते हैं। ये हवा में मौजूद 10 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले छोटे कणों का एक समूह है। इसमें धूल, गर्दा और धातु के सूक्ष्म कण शामिल होते हैं।

### हल्की ठंड में धूल के कण भी चिपकने लगते

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मृति त्रिपाठी का कहना है कि त्योहारी सीजन में साफ–सफाई हुई है। इससे धूल भी काफी उड़ रही है। दूसरी तरफ, इन दिनों तापमान में भी गिरावट आई है और सुबह–शाम हल्की ठंड पड़ने लगी है। ऐसे मौसम में धूल के कण आपस में चिपकने लगते हैं। इससे धुंध जैसी स्थिति बन जाती है। इस कारण धरती से निकलने वाली गर्म हवा वातावरण में फैल नहीं पाती है और वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ने लगता है।

### सांस के रोगी इन बातों का रखें ध्यान

मेडिकल कॉलेज के चेस्ट रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मधुर्मय शास्त्री का कहना है कि सांस के मरीज धूल से बचाव के लिए मास्क जरूर लगाएं। सांस रोगी दवा की पर्याप्त खुराक लें। इन्हेलर साथ रखें और नियमित उपयोग करें। अगर अस्थमा का अटैक आता है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

## ताजमहल देखने आई किशोरी की बिगड़ी तबीयत... पुलिस ने बचाई जान

**आगरा।** ताजमहल पर रविवार को एक किशोरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। किशोरी बेहोश हो गई। पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम ने किशोरी को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार मिलने के बाद किशोरी की हालत में सुधार हुआ। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। महेसाणा से 14 वर्षीय किशोरी रविवार को परिजनों के साथ ताजमहल देखने के लिए पहुंची थीं। स्मारक में अचानक से किशोरी की तबीयत बिगड़ने लगी। साथ में आए परिजन घबरा गए। तभी ताज सुरक्षा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। किशोरी को क्विक रिस्पॉन्स टीम की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर किशोरी की हालत में सुधार हुआ। बताया कि किशोरी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। इसके चलते किशोरी बेहोश होकर गिर पड़ी। मदद के लिए परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

# नई पत्नी ने करा दी व्यापारी के घर 30 लाख की चोरी, भाई की जान बचाने के लिए की वारदात

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** टीपी नगर के महावीर जी नगर में कपड़ा व्यापारी के घर 30 लाख की चोरी का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। घर में चोरी करने वाला पीड़ित के साले का साला निकला और चोरी की साजिश पत्नी ने की थी। पुलिस ने चोरी के आरोप में पीड़ित की पत्नी, सास, साला और साले का साला गिरफ्तार किया है। कपड़ा व्यापारी के साले को किडनी की बीमारी है और उसके इलाज के लिए मोटी रकम की जरूरत थी। इसलिए व्यापारी की पत्नी ने ही अपने भाई की जान बचाने के लिए चोरी की साजिश मां, भाई और भाई के साले के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने 25 लाख के जेवरात, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महावीरजी नगर में कपड़ा व्यापारी पीयूष मित्तल के घर 30 लाख की चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में चौंकाने वाले मामला सामने आया। चोरी व्यापारी के साले रवि बंसल के साले दीपक मित्तल ने की थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ तो उसने सनसनीखेज खुलासा किया।

दीपक ने पुलिस को बताया कि उसके जीजा रवि बंसल को किडनी की बीमारी है, लेकिन रुपये न होने के कारण इलाज नहीं हो पा रहा था। रवि की बहन पूजा ने कुछ महीने पहले ही कपड़ा व्यापारी से दूसरी शादी की थी। जबकि व्यापारी की यह तीसरी शादी थी। इलाज के लिए रुपयों की जरूरत थी, लेकिन कोई प्रबंध नहीं हो पा रहा था। परेशान होने के बाद रवि की बहन पूजा ने अपने पति के पास जेवर और नकदी की जानकारी दी। उसी ने घर में चोरी कराने की साजिश रची थी।

एसपी सिटी ने बताया कि कपड़ा व्यापारी की पत्नी पूजा, सास अनीता, साला रवि और गौतमबुद्धनगर के सादोंपुर की झाल निवासी रवि का साला दीपक मित्तल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए हैं। सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि घर की हालत सही न होने और भाई रवि की किडनी खराब होने के चलते पूजा ने छह महीने पहले पीयूष के साथ शादी की थी। आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# आरआरआर मुहिम के तहत स्लम एरिया में मनाई दीपावली

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** नगर निगम ने इस दीपावली पर्व को सामाजिक सेवा और उत्सव के रंग के साथ मनाया। रिड्यूस-रीयूज-रीसायकल (आरआरआर) मुहिम के अंतर्गत नगर निगम टीम ने शनिवार को स्लम इलाकों में जाकर बच्चों और परिवारों में खुशियां और सहयोग बांटा।

इस मौके पर ट्रिपल आर केंद्र पर जमा हुई वस्तुओं को जरूरतमंद बच्चों और परिवारों में वितरित किया गया। विवेकानंद नगर, वसुंधरा मैक्स अस्पताल के पास और पता वैशाली जैसे क्षेत्रों में नगर निगम टीम पहुंची और बच्चों को मिठाई और चॉकलेट वितरित किए। इसके अलावा, सर्दी की शुरूआत को देखते हुए ट्रिपल आर केंद्र पर जमा किए गए गर्म कपड़े, जूते और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी जरूरतमंदों को दी गई। कुल मिलाकर लगभग पचास बच्चों को गर्म कपड़े और जूते प्रदान किए गए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस अवसर पर कहा कि इस दीपावली पर हमारी प्राथमिकता केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्गों में खुशियां और सहयोग पहुंचाना है। आरआरआर मुहिम के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के जीवन में खुशियों की किरण भी ला रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर के हर बच्चे तक सहायता पहुंचाएं और उन्हें भी सकारात्मक और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करें। नगर आयुक्त ने बताया कि आरआरआर मुहिम का उद्देश्य न केवल कचरे और संसाधनों की पुनरावृत्ति करना है, बल्कि समाज में साझेदारी और सहयोग की भावना भी बढ़ाना है। उन्होंने टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता अभियान टीम ने बच्चों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वच्छ दीपावली का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर निगम की टीम ने बच्चों के साथ मिलकर दीपावली की रोशनी सजाई और उन्हें स्वच्छता के महत्व के प्रति उत्साहित किया।

# धनतेरस के शुभ दिन डॉक्टर सिंह पेट केयर मैक्सपेट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजनगर एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद में अद्भुत मामला

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** धनतेरस के शुभ अवसर पर डॉ. सिंह पेट केयर मैक्सपेट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, राजनगर एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद में एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया। जीवा नाम की एक फीमेल डॉग नसबंदी के लिए अस्पताल लाई गई थी। सर्जरी से पूर्व किए गए नियमित जांच – एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड – में डॉक्टरों को स्टमक और छोटी आंत के जंक्शन पर एक फॉरेन बॉडी (विदेशी वस्तु) दिखाई दी। प्रारंभ में एंडोस्कोपी द्वारा वस्तु को निकालने का प्रयास किया गया, परंतु सफलता न मिलने पर सर्जन टीम ने सर्जरी करने का निर्णय लिया।



सर्जरी के दौरान डॉक्टरों की टीम ने जब वह वस्तु निकाली, तो सभी हैरान रह गए – वह वस्तु लक्ष्मी जी और गणेश जी का चांदी का सिक्का थी! यह एक अद्भुत संयोग रहा कि धनतेरस के दिन ही जीवा के पेट से लक्ष्मी और गणेश जी मिले, जिसे अस्पताल स्टाफ ने शुभ संकेत माना। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और अब जीवा पूरी तरह स्वस्थ है तथा सामान्य रूप से भोजन कर रही है। इस सफल सर्जरी को डॉ. प्रीतपाल सिंह, डॉ. फैजा, और डॉ. विनय, डॉ रश्मि, डॉ किरण, डॉ पारुल की टीम ने अंजाम दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इस टीम को बधाई देते हुए इसे धनतेरस पर लक्ष्मी-गणेश के आशीर्वाद का प्रतीकात्मक संयोग बताया।



# सुरक्षा की दृष्टि से दृढ़ संकल्पित होकर क्या बोले गाजियाबाद आरपीएफ इंस्पेक्टर चेतन प्रकाश



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए गाजियाबाद आरपीएफ पुलिस दृढ़ संकल्पित है जिसके लिए आरपीएफ थाना गाजियाबाद प्रभारी चेतन प्रकाश शर्मा और उनके आला अधिकारीयो ने फोर्स की बढ़ोतरी करते हुए 148 जवान तैनात किए हैं इनमें से कई जवानों की तैनाती क्विक रिस्पांस टीम के तहत की गई है जिसका संचालन सब इंस्पेक्टर पंकज यादव कर रहे हैं जो किसी भी आपदा के लिए तुरंत तैयार रहती है ऐसा ही कल बीते शनिवार को एक वाक्यात देखने को मिला।

# पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ ने पुलिस बल संग किया पैदल गश्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दीपावली पर्व को लेकर गाजियाबाद पुलिस ने शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। शनिवार रात को पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ ने पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल, सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर, प्रभारी निरीक्षक कविनगर एवं पुलिस बल के साथ थाना कविनगर क्षेत्रान्तर्गत आरडीसी से हिंट चौक तक पैदल गश्त की। त्योहारों के दृष्टिगत यह गश्त शहर के संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में की गई, जहाँ पुलिस आयुक्त ने स्वयं जनता से संवाद किया और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और नागरिकों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और सहयोग की अपील की। गश्त के दौरान पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ ने कहा कि दीवाली के अवसर पर हमारी प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। पैदल गश्त का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था पर नजर रखना नहीं, बल्कि जनता के बीच जाकर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराना भी है। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति से पुलिस बल में उत्साह बढ़ता है और नागरिकों में भरोसे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता बढ़ाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि दीवाली के दौरान बढे वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखा जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

# महिला को कोरोना जांच का झांसा देकर ठगे कुंडल

**साहिबाबाद।** मोहन नगर से ऑटो में बैठकर लोनी की तरफ आ रही महिला के साथ ठगों ने कोरोना जांच का झांसा देकर कान के कुंडल ठग लिए। महिला ने मामले की शिकायत साहिब थाना पुलिस से की है। गेट लोनी निवासी रवि कुमार मुखिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मां मोहन नगर से लोनी जाने के लिए ऑटो में बैठीं थीं। इसमें चार लोग पहले से बैठे थे। इस दौरान चालक ने कोरोना जांच की बात कहकर उनसे कुंडल उतारकर बैग में रखने के लिए कहा। बाद में कर्म गेट के पास चालक ने उनको जबरदस्ती ऑटो से उतार दिया और तेजी से निकल गया। उन्होंने बताया कि घर आकर देखा तो बैग में कुंडल नहीं थे। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अवैध पटाखों की भारी खेप समेत दो तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीवाली के त्योहार से पहले गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध पटाखों की भारी खेप पकड़ी है।

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया है जो भारी मात्रा में अवैध आतिशबाजी लेकर जा रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 8 बोरे और 5 कार्टन अवैध पटाखे बरामद किए हैं। त्योहारों के मौसम में सक्रिय होने वाले इन तस्करों के खिलाफ यह कार्रवाई सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बेहद अहम मानी जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अरशद पुत्र असलम और विनोद पुत्र रामचंद्र हैं, जो लंबे समय से त्योहारी सीजन में अवैध रूप से पटाखों की सप्लाई का काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में बिना लाइसेंस के आतिशबाजी सामग्री बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने इन्हें मुखबिर की सूचना पर दबोचा। मौके से बरामद किए गए पटाखों की मात्रा और कीमत का आकलन किया जा रहा है। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि अवैध आतिशबाजी से न केवल कानून का उल्लंघन होता है, बल्कि इससे जनहानि और आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि दीवाली पर्व को देखते हुए पुलिस ने पूरे जनपद में सघन अभियान चलाया हुआ है। किसी भी प्रकार की अवैध आतिशबाजी सामग्री की बिक्री या भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी प्रियाश्री पाल ने यह भी बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पूरे जनपद में अवैध पटाखों की बिक्री और सप्लाई के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। जैसे ही किसी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री या भंडारण की जानकारी मिलती है, तुरंत छापेमारी कर दोषियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि अपने आसपास बिना अनुमति पटाखे बेचते हुए देखे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य त्योहारों के उल्लास को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाए रखना है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस की इस कार्रवाई से त्योहार के मौसम में अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल कानून व्यवस्था मजबूत होती है बल्कि शहर में सुरक्षा की भावना भी बढ़ती है। दीवाली की रौनक के बीच सुरक्षा की यह सतर्कता गाजियाबाद पुलिस के उस संकल्प को दशार्ती है, जिसके तहत शहर को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसीपी ने डॉग स्क्वाड के साथ संभाली मोर्चा, सिहानी गेट क्षेत्र में चला विशेष चेकिंग अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दीवाली का पर्व नजदीक आते ही गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाल लिया है। जिले में कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को थाना सिहानी गेट क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदग्राम उपासना पांडेय के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में डॉग स्क्वाड टीम की सहायता ली गई, जिसने इलाके के संवेदनशील स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एसीपी उपासना पांडेय ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर पूरे अभियान की निगरानी की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करें और नागरिकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बस अड्डों, बाजारों, होटलों, पार्किंग स्थलों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर गहन चेकिंग की। वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई और चालकों से आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। एसीपी पांडेय ने बताया कि दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर जहां बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, वहीं अपराधी तत्व भी सक्रिय होने की कोशिश करते हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि दीवाली पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी टीमें लगातार गश्त कर रही हैं, हर थाने और चौकी स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई है। हम चाहते हैं कि लोग निश्चिंत होकर त्योहार मनाएं, लेकिन सतर्क भी रहें। यदि किसी को कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# जयपुरिया एंक्लेव और कैलाश त्रिशूल टावर में रोशनी, संगीत और संस्कृति का संगम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दीपों का पर्व दीपावली इस बार कौशांबी में भक्ति, उल्लास और उमंग के माहौल के बीच धूमधाम से मनाया गया। जयपुरिया एंक्लेव सोसाइटी और कैलाश त्रिशूल टावर में आयोजित भव्य दीपावली महोत्सव में दीपों की पंक्तियों से सजे प्रांगण, रंग-बिरंगी रोशनी और मधुर संगीत ने पूरे वातावरण को आलोकित कर दिया। हर तरफ खुशियों की गूंज थी और क्षेत्रवासी एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दे रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीपों की टिमटिमाती लौ ने जब रात के अंधेरे को रौशन किया, तो पूरा परिसर भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया। इस दौरान मंच पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पारंपरिक नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दीपावली के संदेश को सजीव कर दिया। पार्षद कुसुम गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि कौशांबी को शिव की नगरी कहा जा सकता है, क्योंकि यहां त्रिशूल, कैलाश, शिवालिक, नंदा, उदयगिरि और गंगा टावर जैसे भवन भगवान शिव की उपस्थिति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि कौशांबी का नाम अब केवल आधुनिकता से नहीं, बल्कि संस्कृति और अध्यात्म से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने भी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि यह एक अवसर है जब हम अपने भीतर के अंधकार को मिटाकर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ते हैं।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** त्योहारों के बीच एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब शनिवार रात निवाड़ी थाना क्षेत्र में गंगनहर पटरी पर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। घटना शनिवार देर रात की है। निवाड़ी थाना क्षेत्र के कस्बा पतला निवासी सुनील अपने साथी दीपक और अंकित के साथ बाइक से किसी काम से निवाड़ी गंगनहर मार्ग से गुजर रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वे सौंदा पुल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर दूर तक जा गिरे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सड़क पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निवाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# विपिन कुमार बने नए एआरटीओ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया के तहत गाजियाबाद में वरिष्ठ सहायक अभियंता (आरआई) विपिन कुमार को सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके प्रमोशन की खबर मिलते ही गाजियाबाद परिवहन विभाग में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विपिन कुमार ग्राम मुंडाखेड़ा मक्कन, पोस्ट सरसौली, जिला बुलंदशहर के निवासी हैं। वे लंबे समय से गाजियाबाद परिवहन विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अपने ईमानदार, कर्मठ और पारदर्शी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वर्षों से वे विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करते आ रहे हैं। शासन ने उनकी सेवाओं और कार्यदक्षता को देखते हुए उन्हें एआरटीओ के पद पर पदोन्नति प्रदान की है। जैसे ही उनके प्रमोशन की जानकारी साथियों और विभागीय अधिकारियों को मिली, कार्यालय में बधाइयों की झड़ी लग गई। वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



पदभार ग्रहण करने के बाद एआरटीओ विपिन कुमार ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का क्षण है। शासन और विभाग ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य परिवहन विभाग को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जनहितकारी बनाना है। जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, मैं टीम भावना के साथ कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विभागीय कार्यों में तकनीकी सुधार, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जनसुविधा को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह जनता से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित गति से करेंगे ताकि विभाग की छवि और बेहतर बने। विपिन कुमार की पदोन्नति को उनके सहयोगियों ने मेहनत, ईमानदारी और पारदर्शिता की जीत बताया है। कई अधिकारियों ने कहा कि विपिन कुमार जैसे अधिकारी ही विभाग की रीढ़ हैं, जो जिम्मेदारी को कर्तव्य के रूप में निभाते हैं। उनके नेतृत्व में गाजियाबाद परिवहन विभाग से और बेहतर कार्यप्रणाली एवं जनसेवा की उम्मीद जताई जा रही है।







# धनतेरस पर कार जीतने का झांसा देकर ठगे 20 हजार रुपये

**वेलकम इंडिया**

**मुरादनगर।** त्योहारों के सीजन में ठगों ने एक बार फिर लोगों को झांसे में लेने का नया तरीका अपनाया है। थाना मुरादनगर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ धनतेरस के मौके पर कार जीतने का झांसा देकर 20 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डिफेंस कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ शर्मा, जो एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं, ने बताया कि शनिवार सुबह उनके मोबाइल पर एक अज्ञात युवती का फोन आया। कॉल करने वाली महिला ने खुद को एक नामी कंपनी की प्रतिनिधि बताया और कहा कि धनतेरस पर आयोजित लकी ड्रॉ में सिद्धार्थ का नाम चुना गया है, जिसके तहत उन्होंने एक कार जीत ली है। युवती ने कार का क्लेम करने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि वाहन देने से पहले 20 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करनी होगी, जो बाद में रिफंड कर दी जाएगी। युवक ने कंपनी की बात पर भरोसा करते हुए दिए गए खाते में पैसे जमा करा दिए। लेकिन जैसे ही रकम ट्रांसफर हुई, युवती का फोन बंद हो गया और संपर्क पूरी तरह टूट गया। पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा ने ठगी का एहसास होते ही तुरंत थाना मुरादनगर पुलिस से संपर्क किया और पूरे प्रकरण की जानकारी दी। उन्होंने अज्ञात ठग के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला साइबर ठगी का प्रतीत होता है। जांच के लिए साइबर सेल को जानकारी भेजी गई है और खाते के विवरण व कॉल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार के पुरस्कार, लकी ड्रॉ या इनाम के नाम पर पैसे न भेजें। कोई भी वैध कंपनी या संस्था इनाम पाने के लिए बैंक ट्रांजैक्शन नहीं मांगती। पुलिस का मानना है कि त्योहारों के समय इस तरह की ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि ठग लोगों की भावनाओं और उत्साह का फायदा उठाते हैं। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल्स या लिंक पर क्लिक करने से बचने की अपील की है। पीड़ित सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि वह इस घटना से मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि धनतेरस के दिन मैंने सोचा कि सच में लकी ड्रॉ जीत गया हूं, लेकिन यह एक बड़ा सबक बन गया। मैं चाहता हूं कि पुलिस ऐसे ठगों तक पहुंचे ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो। त्योहारों की खुशियों में खलल डालने वाली इस ठगी ने एक बार फिर साइबर अपराधियों की बढ़ती सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




केएम हॉस्पिटल - स्वास्थ्य की राजधानी
K.M. UNIVERSITY
KRISHNA MOHAN Medical College & Hospital
शुभ दीपावली
माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश से प्रार्थना है कि वे देश के हर नागरिक के जीवन में आरोग्य, सफलता और समृद्धि प्रदान करें।
किशन चौधरी
कुलाधिपति, के एम विश्वविद्यालयअध्यक्ष, जिला पंचायत (मथुरा)
आपका भाई, आपका बेटा
आपके दुख-दर्द का साथी
केएम मेडीकल कॉलेज एण्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
पता : पाली डूंगरा, सौंख रोड, मथुरा-281123
8477-000-180, 7055-505-130


!! श्री गिरिराज धरण की जय !!
दीपावली गोवर्धन पूजा
के पावन पर्व पर
ठा. श्री गोवर्धन जी महाराज विराजमान
मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा
दसविसा ब्राह्मणान, गोवर्धन
आपका हार्दिक स्वागत करता है।
मन्दिर रिसीवर
कपिल चतुर्वेदी


जय भीम
बहुजन समाज पार्टी जिन्दाबाद
बहिन कु० मायावती जिन्दाबाद
जय भारत
BSP
बहुजन समाज पार्टी
आपके घर में सुख-समृद्धि
और माँ लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहें
दीपावली, गोवर्धन पूजा
एवं भाई दौज
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. बहिन कु. मायावती जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष (बसपा)
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सुरेश सिंह
वरिष्ठ बसपा नेता
नरेश सिंह
कोमल सिंह
समाज सेवी
भवनपुरा गोवर्धन, मथुरा (वार्ड नं.-17)
मो. 7451816141